दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी


बच्चों के साथ करीना ....


शक्ति शालिनी में अनिता ......

वर्ष : 11 | अंक : 301 | लखनऊ, 23 अक्टूबर, गुरुवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 4 दिन के केरल दौरे पर

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हेलीकॉप्टर लैंडिंग के दौरान बड़ी घटना, केरल में धंसा हेलिपैड

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 अक्टूबर से केरल दौरे पर हैं। 4 दिन वे केरल में रहेंगी। बुधवार को राष्ट्रपति को सबरीमला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर में दर्शन और आरती के लिए पत्तनामथिट्टा में जाना था। इसके लिए राष्ट्रपति पत्तनामथिट्टा के प्रमदम स्टेडियम के हेलीपैड पर राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर को लैंड करना था, लेकिन इस दौरान बड़ी घटना हो गई। लैंडिंग के दौरान हेलीपैड का एक हिस्सा धंस गया। राष्ट्रपति भारतीय एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर में सवार थीं। हालांकि, गनीमत रही कि कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। घटना के बाद मौके पर तुरंत पुलिस और फायर डिपार्टमेंट के कर्मियों ने धंसे हुए स्थान से हेलिकॉप्टर को बाहर निकाला।

*मंगलवार रात में बनाया गया था हैलीपेड बारिश के कारण रह गई थी नमी*

*पहले लैंडिंग पंबा में होनी थी, बाद में खराब मौसम के चलते प्रमदम में कराई गई*


भगवान अयप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना करने वाली वे पहली महिला राष्ट्रपति

### राष्ट्रपति ने सबरीमाला मंदिर में दर्शन किए

### इरुमुदिकेट्टू को हाथ में लिए पवित्र 18 सीढ़ियां (पथिनेट्टमपदी) चढ़ीं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को सबरीमला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना की। पारंपरिक काले परिधान पहने और इरुमुदिकेट्टू को हाथ में लिए राष्ट्रपति ने पवित्र 18 सीढ़ियां (पथिनेट्टमपदी) चढ़ीं और कड़ी सुरक्षा के बीच भगवान अयप्पा के दर्शन किए। राष्ट्रपति सुबह-सुबह पंबा पहुंचीं, पवित्र नदी में स्नान किया और पंबा गणपति मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### ये कार्यक्रम हैं राष्ट्रपति के

आज गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सबरीमला मंदिर के बाद राजभवन में पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण करेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति वर्कला में शिवगिरी मठ में श्री नारायण गुरु के महासमाधि शताब्दी समारोह का भी उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति की कोट्टायम जिले के पाला स्थित सेंट थॉमस कॉलेज के 75 वर्ष पूरे होने के उत्सव के समापन कार्यक्रम में शामिल होने की योजना है। 24 अक्टूबर को एर्णाकुलम स्थित सेंट टेरेसा कॉलेज के शताब्दी समारोह में राष्ट्रपति शामिल होंगी।

### मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

### खबर संक्षेप

#### मंगलसूत्र नहीं दिलाया तो पत्नी ने कर ली आत्महत्या



**बड़वानी।** डॉक्टर की पत्नी ने 301 फीट ऊंचे पुल से नर्मदा नदी में छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। पति डॉ. कृष्णा लोनखेड़े का कहना है कि पत्नी को मंगलसूत्र चाहिए था। उसे समझाया कि बाद में ला देंगे। इसी से नाराज होकर उसने आत्महत्या कर ली। महिला कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर थी और जिले के बोराली गांव में पदस्थ थी। घटना छोटी कसरावद गांव में बुधवार सुबह करीब 9.30 बजे की है।

#### वृंदावन के लिए निकले बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत



**अशोकनगर।** माता मंदिर के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक 62 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना बुधवार को दोपहर के समय हुई। मृतक की पहचान देवखेड़ी निवासी सिरनाम सिंह पुत्र बादल सिंह धाकड़ के रूप में हुई है। सिरनाम बुधवार सुबह अपने घर से वृंदावन जाने की बात कहकर निकले थे। ट्रेन की चपेट में आने से उनके दोनों पैर कटकर अलग हो गए और सिर में भी गंभीर चोटें आईं थीं।

**उम्मीद :** भारत के लिए बेहतर हो सकती है नवंबर की शुरुआत, आ सकती है ये खबर

## भारत-अमेरिका में टैरिफ डील निर्णायक मोड़ पर... 50 नहीं 15% टैरिफ होगा

*रिपोर्ट में यहां तक दावा किया गया है कि इसी अक्टूबर के अंत तक यह डील फाइनल हो सकती है। कई दौर की वार्ताओं के बाद दोनों देश निर्णायिक मोड़ पर पहुंच गए हैं*

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

भारत के लिए जल्द ही खुशखबरी हो सकती है। भारत लगा 50 % प्रतिशत महज 15 से 16 प्रतिशत तक रह सकता है। इसके लिए भारत अमेरिका एक डील पर काम कर रहे हैं। दावा किया गया कि दोनों देश काफी समय से एक व्यापार डील को पूरा करने के करीब पहुंच गए हैं। इससे भारत पर लगा अमेरिकी टैरिफ बेहद कम हो जाएगा। इसके साथ ही डील में कृषि और एनर्जी दोनों को केंद्र में रखा जा रहा है।

जैसा कि ट्रंप लगातार रूस से तेल खरीदने पर आपत्ति जता रहे हैं। इससे साफ है कि डील में रूस से कच्चा तेल खरीदने का बिंदु जरूर शामिल होगा। ट्रंप के मुताबिक भारत रूस से तेल खरीद बंद या कमी कर सकता है। नवंबर की शुरुआत में इस डील के होने की खबर मिल सकती है।

दोनों देश डील के बिल्कुल नजदीक पहुंचे


फाइल फोटो

*इस डील में कृषि और एनर्जी दोनों को केंद्र में रखा जा रहा है*

*डील में रूस से कच्चा तेल खरीदने का बिंदु जरूर शामिल होगा*

### आसियान शिखर सम्मेलन में ऐलान कर सकते हैं ट्रंप

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका और भारत के बीच यह डील अपने अंतिम चरण में है। रिपोर्ट में यहां तक कहा गया कि इसी अक्टूबर के अंत तक यह डील फाइनल हो सकती है। इसी महीने के अंत में आसियान शिखर सम्मेलन होना है। इस मौके पर ट्रंप इसका औपचारिक ऐलान कर सकते हैं। हालांकि, अभी तक दोनों देशों ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### भारत रूस से तेल खरीदना कर सकता है कम

22 अक्टूबर को ट्रंप ने दिवाली की शुभकामानाएं देने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को फोन किया था। इसके बाद ट्रंप ने दावा किया था कि पीएम मोदी रूस से तेल खरीद को बेहद कम कर देंगे। पीएम मोदी भी रूस-यूक्रेन को खत्म करना चाह रहे हैं। इससे रिपोर्ट का दावा और स्पष्ट हो जाता है कि रूस से तेल खरीद कम करने पर अमेरिका के टैरिफ से बड़ी राहत मिल सकती है।

*पीएम मोदी ने दिवाली की शुभकामनाओं के लिए ट्रंप को कहा धन्यवाद*

### बोले- हम आतंकवाद के खिलाफ एकजुट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दिवाली की शुभकामनाओं के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हम आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं और प्रकाश के इस पर्व पर हमारे दो महान लोकतंत्र दुनिया को उम्मीद की किरण दिखाते रहें। पीएम मोदी ने दिवाली की शुभकामनाओं का धन्यवाद करते हुए एक्स पर लिखा, 'राष्ट्रपति ट्रंप, आपके फोन कॉल और दिवाली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। इस प्रकाश पर्व पर, हमारी दोनों महान लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं विश्व को आशा की किरणों से रोशन करती रहें और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ एकजुट रहें। दरअसल, दीवाली के अवसर पर मंगलवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पारंपरिक दीपक जलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये दीपक अंधेरे पर प्रकाश, अज्ञानता पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। दिवाली समारोह से पहले ट्रंप ने मीडिया को बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत की, जिसमें मुख्य रूप से ट्रेड संबंधी मुद्दों पर चर्चा हुई। व्हाइट हाउस दिवाली समारोह में एफबीआई निदेशक काश पटेल, राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गब्बार्ड, व्हाइट हाउस के उप प्रेस सचिव कुश देसाई, अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और नई दिल्ली में वाशिंगटन के दूत सर्जियो गोर समेत प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए. इसमें भारतीय-अमेरिकी व्यापारिक नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल भी भाग लिया।

**महाकाल मंदिर** के गर्भगृह की घटना

## ड्रेस कोड और पगड़ी को लेकर विवाद, गाली-गलौज और हाथापाई की 'नौबत'


विद्वत परिषद के पदाधिकारियों ने घटना की निंदा की


महंत महावीरनाथ

*गर्भगृह में पुजारी महेश शर्मा और नाथ संप्रदाय के महंत महावीरनाथ के बीच गाली-गलौज*

*दोनों ने मंदिर प्रशासक व कलेक्टर से शिकायत की, महेश पुजारी पर परेशान करने का आरोप*

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार को एक अप्रिय घटना हुई। मंदिर के गर्भगृह में पुजारी महेश शर्मा और नाथ संप्रदाय के महंत महावीरनाथ के बीच विवाद हो गया। विवाद ड्रेस कोड और पगड़ी उतारने को लेकर हुआ।

यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जानकारी के मुताबिक ऋणमुक्तेश्वर मंदिर के महंत महावीरनाथ, गोरखपुर से आए महंत शंकरनाथ महाराज के साथ सुबह सवा आठ बजे दर्शन पूजन के लिए महाकाल मंदिर पहुंचे थे। गर्भगृह में प्रवेश के समय मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने उनसे कहा कि वे ड्रेस कोड का पालन करें और पगड़ी उतारें। इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। महंत महावीरनाथ ने आरोप लगाया कि पुजारी महेश शर्मा सभी श्रद्धालुओं को परेशान करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके साथ आए महंत हार्ट पेशेंट हैं, फिर भी उनसे पगड़ी और कपड़े उतरवाए गए। महंत ने कहा कि वे कलेक्टर को ज्ञापन देकर महेश शर्मा को मंदिर से हटाने की मांग करेंगे।

**एक एकड़** जमीन पर दो पक्षों में विवाद

## दुकान पर दीया जला रहे दो भाइयों का 'कत्ल'

*तीसरे की हालत गंभीर*

एक भाई ने मौत से पहले रिकॉर्ड किया मैसेज


चौकी प्रभारी

परिजनों ने नेशनल हाईवे 43 पर चक्काजाम कर दिया

चौकी प्रभारी आशीष झारिया लाइन हाजिर

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

शहडोल जिले में तलवार से वार कर दो भाइयों की हत्या कर दी गई। बचाने पहुंचे तीसरे भाई पर भी हमला किया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हत्या के मुख्य आरोपी ने अपने कुछ साथियों के साथ बुढ़ार थाने में सरेंडर कर दिया है। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक ने केशवाही चौकी प्रभारी आशीष झारिया को लाइन हाजिर कर दिया। घटना मंगलवार रात बलबहरा गांव की है।

**न्यायाधीशों को** डीए देने के आदेश जारी

## मप्र में जजों को मिलेगा 3% डीए, कर्मचारियों को इंतजार

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



मध्यप्रदेश के करीब साढ़े सात लाख कर्मचारियों को जहां महंगाई भत्ते (डीए) में बढ़ोतरी का इंतजार है, वहीं राज्य सरकार ने न्यायिक सेवा के अधिकारियों को राहत दी है। सरकार ने उनका केंद्र के समान 3% महंगाई भत्ता बढ़ाने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही अब न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों को 58% डीए का भुगतान किया जाएगा। विधि और विधायी कार्य विभाग ने एमपी हाईकोर्ट जबलपुर के रजिस्ट्रार जनरल को भेजे निर्देश में कहा है कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग ने 1 जुलाई 2025 से 3% बढ़ा महंगाई भत्ता स्वीकृत किया है। इसके तहत मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा (वेतन, पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति लाभों का पुनरीक्षण) नियम 2022 के नियम-9 के अंतर्गत यह बढ़ोतरी न्यायिक सेवा अधिकारियों पर भी लागू होगी।

## इंदौर में गोशाला में गोवर्धन पूजा में शामिल हुए सीएम ने कहा



### निराश्रित गायों को पिंजरे में नहीं, गोशालाओं में 'सुरक्षित' रखा जाएगा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में गो-शालाओं का संचालन नगरीय निकायों की ओर से सुव्यवस्थित रूप से किया जाएगा। प्रदेश में खुले में विचरण करने वाली निराश्रित गायों को पिंजरे में नहीं बल्कि गो-शालाओं में सुरक्षित रूप से रखने के प्रबंध कर उनकी बेहतर देखभाल की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को इंदौर जिले के हातोद तहसील के खजूरिया में नगर निगम इंदौर की ओर से स्थापित रेशम केंद्र गोशाला में आयोजित गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**कलाम के गुरु** और साराभाई के साथी रहे

## इसरो वैज्ञानिक डॉ. चिटनिस का 100 साल की उम्र में निधन

निधन से एक दिन पहले मनाया था 100 जन्मदिन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. एकनाथ वसंत चिटनिस का बुधवार को उनके आवास पर निधन हो गया।

परिवार के सदस्यों ने बताया कि वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। सुबह ही उन्हें हृदयाघात हुआ। डॉ. चिटनिस ने मंगलवार को ही अपना 100वां जन्मदिन मनाया था। उनका जाना भारतीय वैज्ञानिक समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है। डॉ. चिटनिस डॉ. विक्रम साराभाई के अंतिम जीवित सहयोगियों में से एक थे। डॉ. विक्रम साराभाई को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम का पिता कहा जाता है। उन्होंने 1960 के दशक में इसरो की नींव रखी। डॉ. चिटनिस ने उनके साथ मिलकर भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में मजबूत बनाया। डॉ. साराभाई के निधन के बाद भी डॉ. चिटनिस ने उनके सपनों को आगे बढ़ाया। एक और रोचक बात यह है कि डॉ. चिटनिस ने युवा वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को मार्गदर्शन दिया। डॉ. कलाम बाद में भारत के राष्ट्रपति बने और उन्हें मिसाइल मैन कहा गया। डॉ. चिटनिस ने डॉ. कलाम को शुरुआती दिनों में सलाह दी और उन्हें प्रेरित किया। वे केरल के थुम्बा में भारत के पहले रॉकेट लॉन्च स्थल को चुनने में भी मुख्य भूमिका निभाई।



'पद्म भूषण से नवाजे गए थे डॉ. चिटनिस'

*भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, ग्वालियर, जबलपुर और सागर संभागों के जिलों में कुछ जगह बारिश हुई, लेकिन सर्दी नहीं बढ़ी*

**पचमढ़ी से** ठंडी रही भोपाल की रात, अभी रात का पारा आधा से एक डिग्री तक और बढ़ने के आसार, दिन में ज्यादा बदलाव नहीं

## चार दिन तक मौसम भी असमंजस में, कहीं बारिश तो कहीं रात में उमस करेगी परेशान

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में अगले तीन से चार दिन मौसम अहसज रहेगा। कहीं बारिश होगी, कहीं रात का पारा बढ़ने से उमस और हल्की गर्मी का अहसास रहेगा। 27 अक्टूबर के बाद मौसम बदलेगा, बादल छंटेंगे और सर्दी में इजाफा होगा इससे पहले गुरुवार को प्रदेश के दक्षिणी और पूर्वी हिस्से में बारिश होगी, जो शुक्रवार से शनिवार के बीच उत्तरी हिस्से तक धीरे धीरे बढ़ेगी। अगले तीन से चार दिन में भोपाल सहित अधिकांश जिलों में बौछारें पड़ने से उमस से राहत मिलेगी। हवाएं अभी 8 से 10 किमी प्रति घंटे की हैं, जो चार दिन बाद राजस्थान के ऊपर बने सकुर्लेशन के कमजोर पडने के बाद तेजी पकड़ेंगी।



### नौगांव और शिवपुरी में 17 डिग्री रहा रात का पारा

भोपाल सहित अधिकांश जिलों में अभी नमी की मात्रा अधिक होने से बादल और धुंध का असर बना हुआ है। इससे दिन के तापमान में लगातार दो दिन से कमी और रात के पारे में बढ़त दर्ज हो रही है। बुधवार को भोपाल में रात का पारा 18.2 डिग्री और पचमढ़ी में 19.2 डिग्री रहा। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 31.3 और औसत न्यूनतम पारा 20 डिग्री रहने से रात में उमस का असर महसूस किया गया। सबसे कम रात का पारा नौगांव और शिवपुरी में 17 डिग्री रहा है। साथ ही अनूपपुर में 17.1, टीकमगढ़ 18.5 और शहडोल में न्यूनतम पारा 18.6 डिग्री दर्ज हुआ है।

#### खंती में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत



**उज्जैन।** झालरिया गांव में डबरी (खंती) में डूबने से 2 बच्चों की मौत हो गई। दोनों रिश्ते में ममेरे भाई थे। बुधवार को गांव में अयाज खान (14) निवासी झालरिया, रेहान खान (14) चित्तोड़गढ़ राजस्थान, जाहिद खान (15) निवासी झालरिया खदान के लिए खोदी गई खंती में नहाने गए थे। नहाते वक्त तीनों गहरे पानी में चले गए। तीनों डूबने लगे। इस दौरान वहां मौजूद दूसरों बच्चों ने जाहिद को बचा लिया।

# संक्षेप

## करोड़ों के बजट की पानी टंकी बनी शोपीस, दीपावली पर भी सूखे रहे नारायणपुर गाँव के नल

**अमन लेखनी समाचार/ शुभम सिंह चौहान संवाददाता**

लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र के नारायणपुर गाँव में जल शक्ति मिशन के तहत करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई पानी की टंकी ग्रामीणों के लिए अब तक केवल दिखावा बनकर रह गई है। दीपावली जैसे बड़े पर्व पर भी गाँव के घरों तक पानी नहीं पहुँचा, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।ग्रामीणों का कहना है कि टंकी बनी तो है, लेकिन पानी नहीं आता। पाइपलाइन कई जगह टूटी हुई है और जल आपूर्ति विभाग के अधिकारी सिर्फ कागजों में योजना को सफल दिखा रहे हैं। लोगों ने बताया कि दीपावली पर पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण गाँव के लोगों को निजी नलों से पानी निकालना पड़ा।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जलापूर्ति शुरू कराई जाए और संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए।

## हरौनी रेलवे स्टेशन के पास साईं नदी पुल के नीचे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**अमन लेखनी समाचार /शुभम सिंह चौहान संवाददाता**

लखनऊ। लखनऊ जनपद के बंथरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरौनी रेलवे स्टेशन के पास स्थित ग्राम पुरही में साईं नदी पुल के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह नदी किनारे से गुजर रहे ग्रामीणों ने पुल के नीचे शव को देखकर तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बंथरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास शुरू किया। प्रारंभिक जाँच में मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएँ बनी हुई हैं। थाना प्रभारी बंथरा ने बताया कि मृतक की शिनाख्त कराई जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

# उत्तर प्रदेश में दलित की हत्या व पेशाब मामले को लेकर गरमाई राजनीति, मायावती ने की निंदा

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में दलितों पर अत्याचार के मामले को लेकर सपा-बसपा सहित कई विपक्ष दलों ने सरकार को घेरा है। प्रयागराज में दलित युवक की हत्या और लखनऊ के धार्मिक स्थल में बुजुर्ग के साथ मारपीट करने और पेशाब चटवाने को लेकर राजनीति गरमा गई है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि लखनऊ की घटना की जांच की जा रही है। आरोपित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बसपा प्रमुख मायावती ने राज्य में दलितों पर हो रहे अत्याचार की निंदा करते हुए सवाल उठाया है कि दलितों पर अत्याचार कब रुकेगा। उन्होंने पिछले दिनों प्रयागराज के धूमनगंज स्थित मुंडेरा चुंगी के पास दो पक्षों में हुए मामूली विवाद के बाद रावेंद्र कुमार उर्फ मुन्नू की हत्या के मामले में सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। बसपा प्रमुख ने लखनऊ के काकोरी स्थित एक धार्मिक स्थल में दलित बुजुर्ग के साथ मारपीट और पेशाब चटवाने की घटना को लेकर आरोपित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया के प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि 65 वर्षीय रामपाल के साथ की गई मारपीट व अमानवीय घटना के संदर्भ में सरकार को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा है कि किसी की भूल का अर्थ यह नहीं है कि उसे अपमानजनक व अमानवीय सजा दी जाए। परिवर्तन ही परिवर्तन लाएगा। आप के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने कहा है कि भाजपा राज में दलित होना गुनाह है। वहीं आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्र शेखर ने कहा है कि यह जाति आधारित मानसिकता का शर्मनाक प्रदर्शन है। यह अपराध नहीं, बल्कि जातिवाद की मानसिकता का नंगा प्रदर्शन है। बुधवार को बसपा व आप नेताओं ने पीड़ित परिवार के साथ मुलाकात भी की है।

# रेवतापुर फायरिंग केसः घायल सोनू यादव की मौत,

## 6 आरोपी गिरफ्तार -8 फरार की तलाश में पुलिस

**अमन लेखनी समाचार**

पीजीआई। कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन चौकी अंतर्गत रेवतापुर गांव में सोमवार दोपहर विवाद के बाद हुई फायरिंग में घायल सोनू यादव की मंगलवार को उपचार के दौरान एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमे दर्ज कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य 8 की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं।

पीजीआई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके से पुलिस ने 1 लाइसेंसी रायफल, 2 फायर कारतूस खोखा और 1 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

**पहला पक्षः**

अजय यादव निवासी रेवतापुर ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर अनुज यादव ने गाली-गलौज व रॉड से हमला किया। जब शिकायत करने परिजन गए तो दूसरे पक्ष ने छत से ईंट-पत्थर चलाए, जिसमें आठ लोग घायल हुए।

**दूसरा पक्षः**

विवेक यादव की तहरीर पर दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी कपिल यादव ने अपने पिता की लाइसेंसी रायफल से उसके भाई सोनू यादव को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

**गिरफ्तार आरोपीः**

अजय यादव उर्फ बच्चा यादव,विजय यादव ,कपिल यादव उर्फ बादल ,सचिन यादव उर्फ अनुराग ,जितेन्द्र उर्फ चन्दन यादव,अनुज यादव उर्फ विवेक

इन सभी पर हत्या, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। कई अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले और जिला बदर की कार्रवाई हो चुकी है।

**फरार आरोपीः**

विनेश यादव, रामदुलारी, नीतू यादव, संजय यादव, उषा यादव, प्रीती यादव, ज्योति यादव और वर्षा यादव।

इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।

# सोहन लाल श्रीमाली की कार्यावधि बढ़ाए जाने पर विकास सैनी ने दी बधाई

### गोमतीनगर स्थित आवास पर पहुंचे माल क्षेत्र के कार्यकर्ता

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। बुधवार को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सोहन लाल श्रीमाली की कार्यावधि बढ़ाए जाने पर विकास सैनी ने अपने साथियों संग गोमतीनगर स्थित बहुखंडी मंत्री आवास पहुंचकर उन्हें हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर विकास सैनी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सोहन लाल श्रीमाली जैसे समर्पित व अनुभवी नेतृत्व को पुनः कार्य का अवसर मिलना पूरे संगठन के लिए गौरव की बात है।

कार्यक्रम के दौरान सोहन लाल श्रीमाली ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने की रहेगी। उन्होंने कहा, ह्लसाथ चलने से एकता बढ़ती है, और संगठन मजबूत होता है। हमारे लिए संगठन सर्वोपरि है, लेकिन कार्यकर्ता भी पार्टी की रीढ़ हैं। सक्रिय कार्यकताओं की बदौलत ही पार्टी आगे बढ़ती है।

गौरतलब है कि सोहन लाल श्रीमाली लंबे समय तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में कार्य कर चुके हैं और संघ के विभिन्न दायित्वों पर रहते हुए उन्होंने समाजसेवा और संगठन सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस मौके पर उपस्थित कार्यकताओं ने श्रीमाली को शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलने की आशा जताई।

# बिजली विभाग की वर्टिकल व्यवस्था के खिलाफ आयोग में प्रस्ताव दाखिल

### टोल फ्री नंबर 1912 की सेवाओं पर खड़े किए सवाल

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। केस्को (कानपुर), अलीगढ़, मेरठ, बरेली के बाद पावर कारपोरेशन द्वारा लखनऊ, नोएडा सहित कुछ अन्य शहरों में विद्युत उपभोक्ता सेवा के लिए वर्टिकल व्यवस्था लागू करने के विरोध में राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने विद्युत नियामक आयोग में लोक महत्व का प्रस्ताव दाखिल किया है। जिसमें कहा है कि नियामक आयोग की अनुमति के बगैर यह यह व्यवस्था लागू की गई है, जो कि विद्युत वितरण संहिता का उल्लंघन है। यह आदेश रद किया जाना चाहिए। परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा है कि पावर कारपोरेशन प्रबंधन, निजीकरण के लिए वर्टिकल व्यवस्था लागू कर रहा है। वर्टिकल व्यवस्था कस्टमर केयर टोल फ्री नंबर 1912 के सहारे की जा रही है। इस व्यवस्था में ओटीपी व्यवस्था अब तक लागू नहीं की गई है ऐसे में उपभोक्ताओं का भरोसा इस पर नहीं है।

उन्होंने बताया है कि लोक महत्व प्रस्ताव के माध्यम से आयोग को अवगत कराया गया है कि यह व्यवस्था विद्युत वितरण संहिता के प्रविधानों का उल्लंघन है। आयोग को विश्वास में लिए बगैर वर्ष 1947 में बने राज्य विद्युत परिषद के स्ट्रक्चर में बदलाव किया जा रहा है। विद्युत वितरण संहिता-2005 के अनुसार यदि कोई लाइसेंसी ( डिस्काम) उपभोक्ताओं के लिए कोई नई व्यवस्था लागू करता है तो इसकी जानकारी नियामक आयोग को देना अनिवार्य होता है। इस प्रक्रिया का उल्लंघन हुआ है। वर्मा ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डा. लक्ष्मीकांत वाजपेई को इस पूरे प्रकरण से अवगत कराया है। उनसे कहा कि वर्टिकल व्यवस्था से उपभोक्ताओं में आक्रोश है इस मामले में तत्काल सरकार से हस्तक्षेप की बात होनी चाहिए। वर्मा के मुताबिक सांसद डा. वाजपेयी ने कहा कि वह इस मामले में नियामक आयोग को पत्र लिखेंगे।

# डीआरडीओ में तैनात ब्रह्मोस मिसाइल के सिस्टम इंजीनियर की मौत, पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। दिल्ली स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में कार्यरत ब्रह्मोस मिसाइल के सिस्टम इंजीनियर 30 वर्षीय आकाशदीप गुप्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार को मृत्यु हो गई। उनका परिवार आलमबाग के ओम नगर में रहता है आकाशदीप भी इन दिनों छुट्टी पर घर आए हुए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। आगे की जांच के लिए विसरा सुरक्षित कर लिया गया है। परिवारीजन के मुताबिक छह महीने पहले ही आकाशदीप का विवाह हुआ था। पत्नी भी दिल्ली में एक बैंक में कार्यरत हैं। आलमबाग इंस्पेक्टर एससी सरोज के मुताबिक आकाशदीप दिल्ली में तैनात थे। भाई अनुराग ने बताया कि कुछ दिन पहले वह छुट्टी लेकर घर आए थे। मंगलवार देर रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिवार ने उन्हें लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल स्टाफ ने सूचना पुलिस को दी। इंस्पेक्टर के मुताबिक, पोस्टमार्टम में मौत के कारण स्पष्ट नहीं हुए हैं। घटना की जानकारी दिल्ली स्थित उनके कार्यालय पर भी दी गई है। आकाशदीप बीते कई वर्षों से ब्रह्मोस मिसाइल के मिशन से जुड़े थे।

# तीन हफ्ते पहले हुई थी शादी, अब सड़क हादसे ने बुझा दी खुशियों की लौ

**अमन लेखनी समाचार**



मृतक प्रेमचंद फाइल – फोटो

लखनऊ। माल क्षेत्र के भरावन मार्ग पर मंगलवार शाम दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। मवई खुर्द निवासी प्रेमचंद (32) खेत से फसल काटकर लौट रहे थे। गांव से कुछ दूर फुटही पुलिया के पास उन्होंने सड़क किनारे ऑटो खड़ा कर शौंच के लिए रुके ही थे कि तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रेमचंद कई मीटर दूर उछल कर सड़क पर जा गिरे जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बाइक सवार यह घटना देखकर मौके पर बाइक छोड़कर फरार हो गया। तभी वहीं से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची माल पुलिस ने घायल को बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल भेजा, जहां डॉक्टरों ने प्रेमचंद को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और बाइक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मृतक प्रेमचंद की शादी मात्र तीन सप्ताह पहले ही हुई थी। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में मातम छा गया है। घर में मां लीलावती और नवविवाहिता पत्नी गुड़िया का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों की आंखें नम हैं – जिसने अभी जीवन की नई शुरूआत की थी, वह अब हमेशा के लिए बिछड़ गया।

# यूपी में ग्रामीण शिक्षकों को मिला शहरी संवर्ग में समायोजन का मौका, 46 जिलों के 1812 स्कूल हुए नगरीय सीमा में शामिल

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। बेसिक शिक्षा विभाग ने ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों को शहरी संवर्ग में शामिल होने का अवसर दिया है। इसमें उन विद्यालयों के शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं, जो अब विस्तारित नगर सीमा में आ चुके हैं। प्रदेश के 46 जिलों में कुल 1812 परिषदीय विद्यालयों को नगरीय सीमा में शामिल किया गया है।

इन स्कूलों में फिलहाल 692 प्रधानाध्यापक, 5324 सहायक अध्यापक, 1893 शिक्षामित्र और 568 अनुदेशक कार्यरत हैं। वर्षों से इन नगरीय स्कूलों में नई नियुक्तियां न होने और कई शिक्षकों के सेवानिवृत्त हो जाने से छात्र-शिक्षक अनुपात बिगड़ गया है। उदाहरण के तौर पर वाराणसी जिले में नगर सीमा में शामिल 73 विद्यालयों में 119 शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि जरूरत 216 शिक्षकों की है।

अन्य जिलों में भी नगरीय क्षेत्र में शामिल विद्यालयों की ऐसी ही स्थिति है। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार, विस्तारित नगरीय सीमा में आने वाले ग्रामीण स्कूलों के अध्यापकों से उनकी सहमति (विकल्प) लेकर उन्हें शहरी संवर्ग में शामिल किया जाएगा। संबंधित अध्यापकों से लिखित विकल्प लेकर उनके समायोजन की प्रक्रिया तय समय में पूरी की जाएगी।

हालांकि, जिन शिक्षकों का समायोजन शहरी संवर्ग में किया जाएगा, उनकी वरिष्ठता शहरी संवर्ग में सबसे नीचे मानी जाएगी। यानी वे शहरी शिक्षकों की सूची में जूनियर स्तर से शुरूआत करेंगे। यह व्यवस्था इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेशों और पूर्व में जारी शासनादेशों में संशोधन के क्रम में लागू की जा रही है।

शासन ने बेसिक शिक्षा विभाग से कहा है कि इस निर्णय के अनुरूप संवर्ग निर्धारण, वेतन संरचना और सेवा शर्तों से जुड़ी कार्यवाही शीघ्र पूरी की जाए ताकि विस्तारित नगर सीमा में आने वाले शिक्षकों के बीच किसी प्रकार का भ्रम न रहे। इस निर्णय से न केवल शिक्षकों के पदस्थापन और वेतनमान से जुड़ी अनिश्चितता खत्म होगी, बल्कि नगरीय क्षेत्रों में स्कूलों में शिक्षकों की कमी भी दूर होने की उम्मीद है।

### नगरीय क्षेत्र में नहीं हुई भर्तियां

वर्ष 1981 की बेसिक शिक्षा शिक्षक सेवा नियमावली में नगरीय और ग्रामीण संवर्ग अलग-अलग हैं। इसके बाद जहां ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की नियुक्तियां लगातार होती रहीं, वहीं नगरीय क्षेत्र की अनदेखी होती रही। बाद में यह निर्णय लिया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में पांच वर्ष की सेवा पूरी करने वाले शिक्षकों को नगरीय क्षेत्र में तैनाती दी जा सकेगी। वर्ष 2011 में कुछ ग्रामीण शिक्षकों का समायोजन नगरीय क्षेत्र में किया गया। इसके बाद नगरीय क्षेत्र में शिक्षकों के समायोजन को लेकर कुछ नहीं हुआ। कई विद्यालय शिक्षामित्रों के सहारे संचालित हैं। परिणामस्वरूप नगरीय स्कूलों में छात्र संख्या घटती गई और कई विद्यालय बंद होने की स्थिति में पहुंच गए।

### परिषदीय स्कूल और शिक्षकों की स्थितिः

नगरीय क्षेत्र में स्कूलों की संख्याः 4,010

ग्रामीण क्षेत्र में स्कूलों की संख्याः 1,32,000

प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक : 3,38,590

उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक : 1,20,860

प्राथमिक विद्यालयों में रिक्त पद : 45,256

उच्च प्राथमिक विद्यालयों में रिक्त पद : 8,041

### इन जिलों के विद्यालयों होंगे शामिल

लखनऊ, बाराबंकी, अंबेडकरनगर, बहराइच, अयोध्या, श्रावस्ती, गोंडा, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, वाराणसी, आजमगढ़, आगरा, शामली, हापुड़, जौनपुर, जालौन, प्रतापगढ़, ललितपुर, अमरोहा, शाहजहांपुर, हमीरपुर, फतेहपुर, मऊ, मुजफ्फरनगर, रामपुर, कन्नौज, मैनपुरी, महोबा, प्रयागराज, हरदोई, हाथरस, बांदा, भदोही, गाजियाबाद, उन्नाव, बदायूं, चित्रकूट, अलीगढ़, एटा, बुलंदशहर, बस्ती, मथुरा व बरेली के विद्यालय शामिल हैं।

# नारायणपुर में देसी दारू के ठेके पर मारपीट, प्रधान का भतीजा गंभीर रूप से घायल

**अमन लेखनी समाचार /शुभम सिंह चौहान संवाददाता**



लखनऊ। थाना बंथरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नारायणपुर गांव में स्थित देसी शराब के ठेके पर आज शाम लगभग 5:00 बजे के करीब मारपीट की घटना सामने आई।

ग्रामीणों के अनुसार नारायणपुर के कुछ दबंग लफंगों ने सहजनपुर के प्रधान एवं सरोजनी नगर प्रधान संघ के अध्यक्ष श्रवण कुमार रावत के भतीजे के साथ बुरी तरह मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।पुलिस ने मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में आक्रोश और भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार ये दबंग लोग आए दिन शराब के ठेके पर लोगों के साथ मारपीट किया करते हैं, लेकिन इनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं होती है जिससे ये दबंग मनबढ़ हो गए हैं और लोगों के साथ मारपीट करते रहते हैं, यदि इनके विरुद्ध पहले से कार्यवाही हुई होती तो ये घटना नहीं घटित हुई होती।

# सड़क हादसे में दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, एक घायल

**अमन लेखनी समाचार**



मृतक अभिषेक फाइल – फोटो

लखनऊ। बीती रात तेज रफ्तार दो बाइकों में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें पुलिस की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

माल थाना क्षेत्र के ग्राम सरसंडा निवासी अभिषेक (21) मंगलवार रात अपने घर लौट रहे थे। तभी गोपरामऊ चौराहे से सरसंडा मार्ग पर लोहजरा मोड़ के पास लोहजर निवासी गांव निवासी शनि ने अभिषेक की बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि अभिषेक सिर के बल सड़क पर जा गिरे जिसमें दोनों घायल हो गया। जिन्हें आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया वहीं शनि का इलाज एक अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में मां अनीता शर्मा, भाई विष्णु शर्मा, सहित दो बहन रूबी शर्मा (विवाहित), काजल शर्मा अविवाहित हैं। जिनका रो -रो कर बुरा हाल है।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, नकदी समेत हजारों का सामान जला

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भतोइया गांव में बुधवार शाम उस वक्त अफरातफरी मच गई जब किसान उपदेश उर्फ मोनू अवस्थी के घर में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया।

तेज लपटों और धुएं से घर में रखा फ्रिज, बेड, सोफा, चारपाई, अनाज व करीब 30 हजार रुपये नकद जलकर राख हो गए। ग्रामीणों ने जैसे ही आग की लपटें देखीं, मौके पर दौड़ पड़े। पड़ोसी विनय अवस्थी और अमन ने जान जोखिम में डालकर घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान दोनों झुलस गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

गनीमत रही कि ग्रामीणों की सूझबूझ से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, वरना आसपास के कई घर चपेट में आ सकते थे।

घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप और दहशत का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## संक्षेप

### मार्ग दुर्घटना में घायल पति की इलाज के दौरान मौत पत्नी ने दर्ज कराया मुकदमा

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव हरसिंहपुर निवासिनी पुष्पा पटेल पत्नी संतू पटेल ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि 10 अक्टूबर को देर शाम मेरे पति संतू पटेल पंसारी गांव से पैदल हरसिंहपुर घर वापिस आ रहे थे , तभी रास्ते मे बैशनखेड़ा के पास मेरे गांव के ही जितेंद्र प्रताप पुत्र कालीचरण ने पुरानी रंजिस के कारण अपनी चार पहिया गाड़ी से कुचल दिया ,घायल अवस्था मे मै अपने पति के इलाज के लिए कानपुर हैलट पहुंची जँहा पर उनकी मृत्यु हो गई , मेरे पति घर में अकेले कमाने वाले व्यक्ति थे मेरे छोटे-छोटे बच्चे हैं , उक्त व्यक्ति ने गाड़ी गलौज करते हुए जान से मार देने की धमकी दी थी और कहा था कि तुम लोग इस बार की दीपावली नहीं मना पाओगे पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### कस्बों व गांवों में धूमधाम से की गयी गोवर्धन पूजा

बीघापुर, उन्नाव। दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा कस्बों गांवों में धूम धाम से मनाया गया भगवान कृष्ण को समर्पित इस पर्व पर गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर पूजा की जाती है। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में बुधवार को दीपावली के बाद हर साल कार्तिक माह की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है। पंचांग के मुताबिक, एक तिथि बढ़ने की वजह से बुधवार को मनाया गया। गोवर्धन पूजा भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। इस दिन गोबर से गोवर्धन पर्वत की प्रतिमा बनाकर पूजा होती है, साथ ही भगवान को अन्नकूट का भोग लगाया जाता है। कस्बों गांवों में गोवर्धन पूजा बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। शाम ढलते ही कस्बों गांवों में घरों के बाहर दरवाजे पर गाय के गोबर से गोवर्धन की प्रतिमा बनाकर उसमें जौ सिके लगाकर विधि विधान से कच्ची मिट्टी की दियाली में दीप जलाएं गए गोवर्धन पर्वत की प्रतिमा बनाए जाने को लेकर बाजारो में, फूल और सजावटी सामग्रियों की मांग देखी गई

### छत से नीचे मक्के से भरी बोरी उतार रहा युवक अचानक नीचे गिरकर घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र अंतर्गत दशगवा गांव निवासी रामोतार का 25 वर्षीय बेटा रामु आज बुधवार शाम 6 बजे छत पर फैली मक्के को समेटकर एक बोरी में भरकर सिर पर लादकर जीने के सहारे नीचे उतर रहा था इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. घर में मौजूद अन्य सदस्यों में हड़कंप मच गया. और घायल युवक को उठाकर आनन फानन में निजी वाहन से बांगरमऊ सीएचसी लेकर पहुंचे जहां पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। दरअसल गीली मक्के को पिछले चार दिनों से रामू रोज ऊपर चढाता और नीचे उतारता था.आज बुधवार शाम रोज की तरह मक्के को बोरी में भरकर नीचे उतार रहा था.इसी दौरान जीने से पैर फिसल गया और वह नीचे फर्स पर गिरकर घायल हो गया.जिसे परिवारजनों की मदद से सीएचसी ले जाया गया है।घटना के बाद से मां का रो रोकर बुरा हाल।

## सीएचसी में पंखे बंद होने से मरीज परेशान

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में पंखे बंद होने से परेशान मरीजों ने पुलिस बुला ली। महिला वार्ड में गर्मी और मच्छरों से बेहाल प्रसूताओं के परिजनों ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस सहायता मांगी। जानकारी के अनुसार, मंगलवार देर रात अस्पताल के महिला वार्ड में पंखे अचानक बंद हो गए। इससे वार्ड में भर्ती प्रसूताएं और नवजात बच्चे गर्मी व उमस से परेशान हो गए। अस्पतालकर्मियों ने शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया, जिसके बाद तीमारदारों ने आपात सेवा नंबर 112 पर फोन कर पुलिस को बुलाया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अस्पताल प्रशासन से बातचीत की। पुलिसकर्मियों ने स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश देने को कहा। इस दौरान अस्पताल में अफरातफरी का माहौल बन गया। वार्ड में भर्ती महिलाओं और नवजातों को घंटों तक असुविधा झेलनी पड़ी। स्थानीय लोगों के अनुसार, नवाबगंज CHC में अक्सर ऐसी लापरवाही देखने को मिलती है। बिजली कटौती या जनरेटर न चलने की वजह से मरीजों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें पुलिसकर्मी वार्ड में खड़े दिखाई दे रहे हैं। मामले के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में हलचल हुई। अस्पताल प्रशासन ने तकनीकी खराबी का हवाला देते हुए कहा है कि समस्या को ठीक कर दिया गया है और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो, इसके लिए व्यवस्था की जा रही है।

### मामूली बात को लेकर युवक ने अधेड़ को पीटा,बचाने आए युवक को भी पीटा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बहलोलपुर गांव के निकट आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पुल के नीचे मामूली बात को लेकर सरैया गांव निवासी एक युवक ने अधेड़ को पीटना शुरू कर दिया.लड़ाई होती देख गांव के बचाने आए राजेश पर युवक ने ताबड़तोड़ बेल्ट से वारकर घायल कर दिया.हालांकि दोनों घायलों को सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया गया है। दरअसल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बहलोलपुर गांव निवासी बाबू का सरैया गांव निवासी छोटे से मामूली बात को लेकर आज बुधवार शाम चार बजे कहासुनी होने लगी.देखते ही देखते सरैया गांव के छोटे ने पहले डंडे से वार किया.उसके बाद बेल्ट निकालकर हमला करने लगा.बेरहमी से पिटाई कर रहे युवक को जब राजेश ने रोकने का प्रयास किया तो उक्त युवक ने उन कर भी हमला कर घायल कर दिया. और मौके से फरार हो गया. बाबू ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि छोटे जाति सूचक गाली दे रहा था.जिसका विरोध किया तो युवक दबंगई दिखाते हुए.मारने पीटने लगा. फिलहाल कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला युवक का शव

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। कोतवाली गंगाघाट के शुक्लागंज क्षेत्र स्थित ऋषि आश्रम परिसर में बुधवार सुबह एक 35 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक की पहचान सत्यवीर सिंह उर्फ राधे (35) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने सुबह करीब 10:30 बजे नीम के पेड़ के नीचे शव देखकर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार, सत्यवीर सिंह मंगलवार रात करीब 8 बजे अपने घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। बुधवार सुबह जब स्थानीय लोग आश्रम परिसर से गुजर रहे थे, तो उन्होंने सत्यवीर का शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई और परिजनों को बुलाया गया, जिन्होंने शव की पहचान की। परिजनों ने सत्यवीर की हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि किसी ने रंजिश के चलते उसे मारकर शव आश्रम परिसर में फेंक दिया। वहीं, क्षेत्रीय लोगों के अनुसार, मृतक नशे का आदी था और संभव है कि उसकी मौत अधिक नशा करने के कारण हुई हो। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अजय सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों ने बताया कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि मृतक की अंतिम गतिविधियों का पता चल सके। मृतक की अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## कुत्ते के विवाद में किशोर को पीटा हुई मौत दर्ज हुआ मुकदमा

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में एक मामूली विवाद ने 14 वर्षीय किशोर की जान ले ली। कक्षा 9 के छात्र ऋतिक की देर शाम मौत हो गई। परिजनों ने गांव के ही दो लोगों पर पिटाई कर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक ऋतिक (14 वर्ष) पुत्र संजू, सदर कोतवाली क्षेत्र के मदाऊ खेड़ा गांव का निवासी था। 17 अक्टूबर को वह अपने गांव के पास स्थित बरगदिया बाबा मंदिर में भगवत कथा सुनने गया था। कथा समाप्त होने के बाद जब वह लौट रहा था, तो रास्ते में गांव के विशम्बर त्रिपाठी के दरवाजे के पास एक कुत्ता भौंकने लगा। ऋतिक ने कुत्ते को गाली दे दी, जिस पर विशम्बर त्रिपाठी ने आपत्ति जताई। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। परिजनों के अनुसार, उसी समय कृष्णा पुत्र कमलेश दुबे, जो विशम्बर का परिचित बताया जा रहा है, वहां पहुंचा। विशम्बर और कृष्णा ने मिलकर ऋतिक की पिटाई कर दी। लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। पिटाई के बाद से ऋतिक की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे घर लाकर इलाज करा रहे थे। देर शाम उसकी हालत अचानक बिगड़ी और उसने दम तोड़ दिया। परिवार वालों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, परिजनों का आरोप है कि विशंबर त्रिपाठी और कृष्णा दुबे की पिटाई से ही ऋतिक की मौत हुई है थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनो की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई।

## युवक का शव मिलने से हड़कंप परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाया आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**अमन लेखनी समाचार**



मौरावां, उन्नाव। थाना क्षेत्र में एक युवक का शव सड़क किनारे मिलने से हड़कंप मच गया। कटरा गांव के पास भोर पहर करीब 5 बजे शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची मौरावां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान 28 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र छंगा लाल निवासी उदोतपुर, अकोहरी, मौरावां के रूप में हुई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। पोस्टमार्टम के लिए शव ले जाते समय पुलिस और परिजनों के बीच आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर नोकझोंक भी हुई।मृतक धर्मेंद्र की मां मुन्नी देवी ने बताया कि उनके बेटे के साले सुनील पुत्र राम औतार निवासी देवान बक्स खेड़ा ने अपनी शादी के लिए डेढ़ लाख रुपये उधार लिए थे। धर्मेंद्र कई बार सुनील से पैसे मांग चुका था, लेकिन वह टालमटोल करता रहा।मुन्नी देवी के अनुसार, धर्मेंद्र 13 अक्टूबर को करनाल से कमाई करके सीधे अपनी ससुराल देवान बक्स खेड़ा आया था। 20 अक्टूबर की रात को सुनील, धर्मेंद्र की पत्नी सोनी, सास माया और ससुर राम औतार ने मिलकर धर्मेंद्र की हत्या कर दी। इसके बाद शव को नम्मू ठेकेदार के बाग के पास सड़क किनारे फेंक दिया।मृतक धर्मेंद्र की छह वर्षीय बेटी तन्नू ने भी बताया कि पिछली रात पापा, नाना, नानी, मामा और मम्मी के बीच लड़ाई हुई थी। उसने कहा कि इन लोगों ने पापा को मारा और नाना उन्हें कंधे पर लादकर ले गए थे।थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जांच कई पहलुओं से की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## विद्युतकरंट की चपेट में आकर एक मासूम की दर्दनाक मौत

**अमन लेखनी समाचार**



बांगरमऊ, उन्नाव। दीपावली त्यौहार पर सजावट के लिए लगाई गई रंग-बिरंगी विद्युत झालर मासूम बच्चे के लिए जानलेवा साबित हुई। मासूम द्वारा झालर को पकड़ते ही वह तेज करेंट की चपेट में आकर गंभीर झुलस गया। जिससे मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम गम्भीर पुर खंभौली निवासी अमन का 1 वर्षीय पुत्र अभियान आज बुधवार की सुबह अपने घर मे खेल रहा था। तभी मासूम खेलते-खेलते मुख्य दरवाजे के निकट जा पहुंचा और उसने गेट पर लटक रही विद्युत झालर को पकड़ लिया। तभी मासूम तेज करेंट की चपेट में आकर गंभीर झुलस गया। परिजन आनन-फानन बच्चे को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां पर डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई और त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं। बेटे की अचानक मौत से मां नीतू दहाड़े मारकर रोने-बिलखने लगी। मृतक का एक 4 वर्षीय बड़ा भाई है।

## भुट्टा बेच कर जीवन यापन करने वाले युवक को दबंगो ने जमकर पीटा

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र स्थित सरैया क्रासिंग इलाके में बुधवार को दबंगों ने एक भुट्टा विक्रेता युवक को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। मामूली विवाद के बाद हुई इस मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, सरैया क्रासिंग निवासी अशोक अपनी आजीविका चलाने के लिए भुट्टे का ठेला लगाता है। बुधवार दोपहर वह हमेशा की तरह ठेला लगाकर ग्राहकों को भुट्टे बेच रहा था। तभी कुछ स्थानीय दबंग युवक वहां पहुंचे और उसे ठेला हटाने के लिए कहा। जब अशोक ने रोजाना की तरह काम जारी रखने की बात कही, तो दबंग भड़क उठे और उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस अचानक हुए हमले में अशोक को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने पर अशोक की मां मौके पर पहुंचीं और घायल बेटे को किसी तरह बचाकर जिला अस्पताल ले गईं। अस्पताल में भर्ती अशोक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में दबंग युवक अक्सर ठेला-फेरी वालों को डराते-धमकाते रहते हैं। कई बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से उनका मनोबल बढ़ा है। गंगाघाट थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि दबंगों ने पहले भी अशोक को धमकाया था, लेकिन इस बार उन्होंने जान से मारने की नीयत से हमला किया।

## नाले में डूब रहे बाइक सवार दो युवकों को पीआरबी पुलिस ने बचाया

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। हसनगंज क्षेत्र के मोहान अजगैन मार्ग पर स्थित 20 फीट गहरे नवई नाले में मंगलवार दोपहर एक अनियंत्रित बाइक गिरने से दो युवक डूबने लगे। पीआरबी 6107 पर तैनात हेड कांस्टेबल मनोज कुमार पाल ने अपनी जान की परवाह किए बिना नाले में कूदकर दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, लखनऊ के मटियारी गांव निवासी विवेक पुत्र प्यारेलाल और पप्पू पुत्र छगा मोहान से कांथा रिश्तेदारी जा रहे थे। हसनगंज के नवई नाले के पास पहुंचते ही उनकी बाइक अनियंत्रित होकर 20 फीट गहरे नाले में जा गिरी। नाले में पानी अधिक होने के कारण दोनों युवक डूबने लगे थे। उसी समय ड्यूटी समाप्त कर घर जा रहे हेड कांस्टेबल मनोज कुमार पाल ने नाले में बाइक सवारों को गिरते देखा। उन्होंने तुरंत वर्दी सहित नाले में छलांग लगा दी और बगैर किसी देरी के दोनों युवकों को डूबने से बचाया। उनकी इस बहादुरी की चारों ओर प्रशंसा हो रही है। घायल युवकों को तत्काल सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) पहुंचाया गया है। घटना के दौरान मौके पर मौजूद कुछ लोग मूकदर्शक बने रहे, जबकि सिपाही ने अदम्य साहस का परिचय दिया।

## 1011 स्वदेशी दीपो से रोशन किया गया मंदिर परिसर

**अमन लेखनी समाचार**



पुरवा, उन्नाव। नगर पंचायत क्षेत्र स्थित बेगमगंज के प्राचीन हनुमान मंदिर में इस वर्ष दीपावली का उत्सव विशेष रूप से मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'स्वदेशी अपनाओ' के आह्वान से प्रेरित होकर मंदिर परिसर को 1011 स्वदेशी दीपों से रोशन किया गया। इस आयोजन ने भारतीय परंपरा और संस्कृति के प्रति आस्था को मजबूत किया। इस पहल की शुरूआत पवन प्रिंटर्स के संचालक करण और रमन ने की। उन्हें अंशू गुप्ता सहित स्थानीय युवाओं का सहयोग मिला। दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में मोहल्ले के सैकड़ों लोग शामिल हुए। सूर्यास्त होते ही मंदिर का आंगन दीयों की रोशनी से जगमगा उठा और ₹जय हनुमान₹ के जयघोष गूंज उठे। महिलाओं और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक दीप जलाए। करण ने बताया कि दीपावली भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है, जो प्रकृति, पर्यावरण और आत्मनिर्भरता का संदेश देती है। स्वदेशी दीपों का उपयोग देश के कारीगरों और 'मेक इन इंडिया' की भावना को सम्मान देता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जाएगा ताकि युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन की सराहना की और इसे समाज में एकता, आस्था तथा स्वदेशी भावना का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के अंत में मंदिर में भजन संध्या और प्रसाद वितरण हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती कर देश, समाज और परिवार के कल्याण की कामना की।

## मानसिक रूप से परेशान युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। थाना दही क्षेत्र के टीकर गांव में 32 वर्षीय युवक राहुल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान टीकर निवासी शिवपाल के पुत्र राहुल के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मंगलवार देर शाम परिजनों और ग्रामीणों को मिली, जिसके बाद गांव में शोक का माहौल है। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, राहुल पिछले कुछ समय से गंभीर आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। जुए की लत के कारण उसने बड़ी धनराशि गंवा दी थी, जिससे वह मानसिक तनाव में था। कर्ज के बोझ तले दबे राहुल ने मंगलवार शाम अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली। परिजनों को घटना का पता तब चला जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला और उन्होंने अंदर झांककर देखा। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों ने तत्काल थाना दही पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और आवश्यक जांच शुरू की। बुधवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मृतक राहुल के परिवार में उसकी पत्नी और चार छोटे बच्चे हैं, जिनमें दो लड़कियां और दो लड़के शामिल हैं। इस घटना से परिवार सदमे में है और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में भी गम का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि राहुल एक मेहनती और सीधा-सादा व्यक्ति था, लेकिन जुए की लत ने उसे बर्बाद कर दिया था। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। पुलिस ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और मामले की विस्तृत विवेचना जारी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत परिजनो ने लगाया हत्या का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**



मौरावां, उन्नाव। थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसे शराब पिलाकर हत्या की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। नया खेड़ा निवासी 38 वर्षीय अनुर्ज पुत्र भगीरथ मंगलवार देर शाम अपने दोस्तों के साथ लच्छिखेड़ा गांव गया था। बताया जा रहा है कि वहां उसने कुछ लोगों के साथ शराब पी थी। देर रात उसकी तबीयत अचानक बिगड़ी और वह बेहोश हो गया। साथी युवक उसे घर छोड़कर चले गए। परिजनों ने अनुर्ज को अचेत अवस्था में देखा तो तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि अनुर्ज को साजिश के तहत शराब पिलाई गई और फिर उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने पुलिस से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने पर मौरावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। थानाध्यक्ष मौरावां कुंवर बहादुर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है और पुलिस हर पहलू से गंभीरता से जांच कर रही है।

## परंपरागत वार्षिकोत्सव में जवाबी कीर्तन का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के गांव जयराजमऊ स्थित प्राचीन श्री सिद्धेश्वर मन्दिर परिसर में परम्परागत वार्षिकोत्सव अंतर्गत आयोजित जवाबी कीर्तन में सैकडों श्रोता मौजूद रहे। प्रदेश की ख्यातिलब्ध कीर्तनकारा ज्योती कमल 'बाराबंकी' व कीर्तनकार रंजीत राज 'प्रयागराज' के बीच सम्पन्न हुए जबरदस्त जवाबी कीर्तन मुकाबले में कीर्तन प्रेमियों ने मंगलवार भोर पहर तक लुत्फ उठाया। जवाबी कीर्तन की शुरूआत ज्योती कमल ने मां वीणापाणि की बन्दना-₹भक्तों को मइया भव से पार लगाना-चरणों में तेरे मइया झुकता जमाना₹ की प्रस्तुति के साथ किया। प्रयागराज से बैसवारा की साहित्यिक धरती पर पहली बार पधारे कीर्तनकार रंजीत राज के मन लुभावने गीत श्रोताओं बीच खूब सराहे गए। दोनों ही कीर्तनकारों के बीच पूरी रात हुए जबदस्त मुकाबले में अनेकानेक धार्मिक, ऐतिहासिक व सामाजिक गीतों की बौछार करके कलाकारों ने सुधी श्रोताओं से खूब तालियाँ भी बटोरीं। श्रोताओं द्वारा दोनों की कीर्तनकारों का उत्साहवर्धन करने का क्रम भी पूरी रात चलता रहा। उक्त भव्य धार्मिक आयोजन की शुरूवात से पहले दोनों ही कीर्तनकारों ने देवाधिदेव सिद्धेश्वर महादेव के दरबार में माथा टेकने के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन कीर्तनकार अखिलेश बैरागी रायबरेली ने किया। कार्यक्रम समापन के बाद कमेटी संरक्षक एस. एन. पाण्डेय ने आये हुए सभी लोगो के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त धार्मिकोत्सव में अमर पाल सिंह, शिव प्रसाद पाण्डेय, शिवमंगल सिंह, पुत्ती सिंह, लल्लन सिंह प्रधान, मणि कान्त दीक्षित, प्रखर पाण्डेय, राजन मिश्रा, मुकेश, लल्लन निर्मल, अजय सिंह, गया निर्मल, किशोरी यादव, अरिदमन सिंह, जीतू शुक्ला, कृष्ण कान्त, अविनाश, आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अंतर्गत धार्मिक कार्यक्रम से लौट रहे अंधेड उम्र के व्यक्ति को अज्ञात वाहन के टक्कर मार दिए जाने से मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। चार महीने के अंतराल में एक ही परिवार में दूसरी मौत हो जाने से परिवार में मातम फैल गया। थाना बिहार के भगवंतनगर टाउन एरिया के वार्ड न०01 निवासी अखिलेश चंद्र शुक्ला उर्फ छुन्ना पुत्र स्व०उमाशंकर उम्र 55 वर्ष मंगलवार देर रात टाउन एरिया के ही डॉ भगौती के यहां आयोजित सुंदर कांड कार्यक्रम में शामिल होकर साइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह पॉवर हाउस के पास ही पहुँचे ही थे तभी एक अज्ञात वाहन ने उनको जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह खून से लतपथ होकर सड़क पर गिर गए। सर से अत्यधिक खून बह जाने से उनकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया । दिवंगत का एकलौता चिराग सागर की कुछ माह पूर्व घर मे ही फरार्टा पंखा से चिपककर मौत हो जाने के गम से परिवार उबर ही नही पाया इस हादसे ने परिवार को बिखेर दिया। दिवंगत की एक पुत्री नीतू विवाहित है जबकि पत्नी रानू व माँ शशि देवी दहाड़ मार रोये जा रही।

## लगातार जारी है किसान यूनियन के कार्यकताओं का धरना प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के बिहार-मौरावां मार्ग पर बने अंडरपास के पास भारतीय किसान यूनियन टिकैत का धरना प्रदर्शन आठवें दिन भी जारी रहा। विगत हो 15 अक्टूबर से जारी इस धरने की प्रमुख मांगो में अमर शहीदों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों वीर सपूतों के सम्मान के लिए गंगा एक्सप्रेसवे से बिहार मौरावा रोड में राजा राव राम बक्स सिंह चौक, बैसवारा अमर शहीद द्वार तथा इस स्थान से बक्सर तक के मार्ग को बैसवारा अमर शहीद पथ घोषित करने की मांग जारी है। किसान यूनियन का कहना है संबंधित विभागों की उदासीनता और असंवेदनशीलता किसानों को क्षेत्र वासियों को आक्रोशित कर रही है संबंधित विभाग किसानों के सब्र का इम्तहान न ले अगर जल्द इस पर कोई निर्णय न लिया गया तो भारतीय किसान यूनियन टिकैत कोई ठोस निर्णय लेने के लिए बाध्य होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और शासन प्रशासन की होगी । धरने पर मुख्य रूप से मौजूद हैं मुन्ना सिंह देवारा जिला उपाध्यक्ष फतेह बहादुर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष सुमेरपुर राकेश त्रिवेदी पांडेपुर मंगली प्रचार मंत्री, सोमनाथ लगभग डेढ़ दर्जन किसान उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# खुद के पाले आतंकवाद से लहूलुहान होता पाकिस्तान

हिन्दी की कहावत है कि जो दूसरों के लिए कुआं खोदता है, वो खुद उसमें गिरता है। ऐसा ही पाकिस्तान के साथ हो रहा है। पड़ोसी देश भारत में दहशर्दी फैलाने के उद्देश्य से आतंकवाद को पोषित कर रहा पाकिस्तान अब खुद लहूलुहान हो रहा है। हर दूसरे दिन देश के किसी न किसी हिस्से में धमाका हो रहा है और बेगुनाह नागरिक मारे जा रहे हैं। इतना सब होने के बाद भी पाक हुक्मरान सुधरने की बजाए आतंकवादियों को पनाह देकर खुद अपनी कब्र खोद रहे हैं। ये न केवल इंसानियत बल्कि इस्लाम को लहूलुहान करने जैसा है। पाकिस्तान नेताओं ने आतंकवादियों यानि बर्बर जानवरों को मानवता को घायल करने का लाइसेंस दे दिया है। देश में आतंकवादियों को अपना राष्ट्रीय उद्योग और राष्ट्रीय संपत्ति बन चुका है, लेकिन वहां के सत्ताधीश सुधरने को तैयार ही नहीं हैं। शुक्रवार को भी पाकिस्तान में अफगान बॉर्डर के नजदीक नॉर्थ वजीरिस्तान में आर्मी कैंप पर आत्मघाती हमला हुआ है। हमले में 7 सैनिक मारे गए हैं, जबकि 13 लोग घायल हो गए। हमलावरों ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी को मीर अली इलाके में बने आर्मी कैंप की दीवार से टकरा दिया। धमाके में गाड़ी चला रहा हमलावर भी मारा गया। इसके बाद 3 उग्रवादी कैंप के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे, जो जवाबी कार्रवाई में मारे गए। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने मीर अली में सुरक्षा बलों पर हुए आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। टीटीपी ने कहा कि उनके खालिद बिन वलीद आत्मघाती दस्ते और तहरीक तालिबान गुलबहार ने इस हमले को अंजाम दिया। असल में 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमले का समर्थन किया। इससे नाराज होकर 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। जिसने कबायली इलाकों में शरिया कानून लागू किया और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगानिस्तान में विदेशी सैनिकों पर हमले किए। टीटीपी ने यूनिवर्सिटीज, धार्मिक नेताओं और नागरिक ठिकानों को भी निशाना बनाया, और यहां तक कि पाकिस्तान के बड़े शहरों में भी हमले किए। 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टीटीपी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ रखा है। जो पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा माना जा रहा है। पाकिस्तान सरकार आरोप लगाती है कि टीटीपी के लड़ाके सीमा पार अफगानिस्तान से ट्रेनिंग लेकर पाकिस्तान लौटते और हमला करते हैं। इसी के चलते बीते सप्ताह पाक ने अफगान में दो बार हवाई हमले भी किए और दावा किया कि इन हमलों में अनेक पाक विरोधियों का सफाया हो गया है। अब टीटीपी ने आत्मघाती हमला करके पाक को जवाब दिया कि ऐसा कुछ नहीं है, जैसा पाक दावा कर रहा है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, देश में आतंकवादी हमले 2015 के बाद सबसे ज्यादा हो गए हैं, और टीटीपी इसकी मुख्य वजह है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के इन हमलों की वजह से ही पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित इलाके हैं। जहां वे जब चाहे हमले को अंजाम दे रहे हैं। पाक जिन आतंकवादियों को पाल रहा था, अब वो ही उसे जख्म दे रहे हैं। अब वहां के हुक्मरान अब भी नहीं चेते तो आतंकवाद अजगर की तरह पूरे पाक को ही निगल जाएगा।

# सुरक्षा मानकों की अनदेखी से हादसे



बस दुर्घटना

राजेश माहेश्वरी

**आए दिन देशभर से चलती बसों में आग लगने की दुखद खबरें आती है। दो चार दिन के हो-हल्ले और बयानबाजी के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे देश में 12,502 बस दुर्घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें लगभग 4,000 लोगों की मौत और 21,000 से अधिक घायल हुए। लेकिन इन आंकड़ों की किसी को परवाह नहीं है। भ्रष्ट और सुस्त निगरानी तंत्र और सिस्टम का लाभ मुनाफाखोर बस संचालक उठाते है। बसों में आग के हादसों को रोकने के लिए नियमित निरीक्षण, बेहतर रखरखाव और बसों में स्वचालित अग्निशमन प्रणाली लगाना महत्वपूर्ण है।**

राजस्थान के जैसलमेर में बीती 14 अक्टूबर को हुआ भीषण बस अग्निकांड महज एक दुर्घटना नहीं थी, बल्कि यह भारत की सड़क सुरक्षा व्यवस्था, नियामकीय ढांचे और प्रशासनिक लापरवाही की चौंका देने वाली मिसाल है। 21 निर्दोष लोगों की जान गई, दर्जनों जिंदगी भर के लिए झुलस गए। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या यह टाला नहीं जा सकता था? उत्तर है, हां, अगर सुरक्षा को प्राथमिकता मिलती और यदि हमारी व्यवस्था केवल मुआवजा देने तक सीमित न रहती, बल्कि जिम्मेदारी तय करने और सुधार लागू करने के लिए प्रतिबद्ध होती। 17 अक्टूबर को यूपी के गौतमबुद्ध नगर के दनकौर में यमुना एक्सप्रेसवे पर चलती बस में आग लग गई। लुधियाना से आगरा जा रही बस में लगभग 50 यात्री थे। बस की छत पर रखे सामान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई, लेकिन सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकल आए।

बीती 5 मई को लखनऊ में किसान पथ पर बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां एक बस में आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से दो बच्चों समेत पांच यात्रियों की जलकर मौत हो गई है। यह बस बिहार से दिल्ली जा रही थी। बात सिर्फ यूपी और राजस्थान की नहीं। ऐसी स्थिति कम या ज्यादा देश के हर राज्य की है। आए दिन देशभर से चलती बसों में आग लगने की दुखद खबरें आती हैं। दो चार दिन के हो-हल्ले और बयानबाजी के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे देश में 12,502 बस दुर्घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें लगभग 4,000 लोगों की मौत और 21,000 से अधिक घायल हुए। लेकिन इन आंकड़ों की किसी को परवाह नहीं है। भ्रष्ट और सुस्त निगरानी तंत्र और सिस्टम का लाभ मुनाफाखोर बस संचालक उठाते हैं। जिस बस में आग लगी, वह केके ट्रैवल्स की थी और इसे 14 दिन पहले ही खरीदा गया था। बस का रजिस्ट्रेशन 1 अक्टूबर को हुआ, 9 अक्टूबर को इसका परमिट जारी किया गया और 14 अक्टूबर को ही यह हादसा हो गया। बस का मॉडिफिकेशन प्रमाणित एजेंसी से नहीं हुआ था। सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स यानी सीएमवीआर के अनुसार, किसी भी व्यावसायिक वाहन में किए गए संशोधन की वैधता जरूरी है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका पालन शायद ही होता है। सवाल यह उठता है कि इतनी असुरक्षित बस को फिटनेस सर्टिफिकेट आखिर कैसे मिल गया? इससे विभागीय उदासीनता और संभावित भ्रष्टाचार की बू आती है। जैसलमेर की जिस बस में आग लगी, वह एक निजी स्लीपर कोच थी जिसे हाल ही में गैर-एसी से एसी में बदला गया था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बस में शॉर्ट सर्किट, एसी कंप्रेसर का विस्फोट और ज्वलनशील फाइबर इंटीरियर की वजह से आग ने तेजी से पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। न इमरजेंसी एग्जिट था, ना खिड़कियों पर सुरक्षा हथौड़े, और मुख्य दरवाजा भी जाम हो गया, यात्री अंदर ही फंस कर जलते रहे। यह न केवल दुखद है, बल्कि शर्मनाक भी क्योंकि ये मौतें नीतिगत व प्रशासनिक चूक का सीधा नतीजा हैं। राजस्थान में अगर कायदे से चेक किया जाए तो हर बस में इमरजेंसी गेट के सामने या तो स्लीपर सीट बना दी गई या फिर उसे सामान रखने के लिए इस्तेमाल



किया जा रहा था। एक लग्जरी बस में आपातकालीन गेट के सामने फ्रिज और कॉफी मशीन फिट की गई थी। नियम के मुताबिक, इमरजेंसी गेट का रास्ता साफ होना चाहिए, लेकिन ऑपरेटर यात्रियों की जान की कीमत पर रुपये कमाने में जुटे हैं। अगर आग लगने, नदी में गिरने और बस पलटने जैसा हादसा हो तो यात्रियों का निकलना नामुमकिन है। राजस्थान सरकार ने इस घटना की तकनीकी जांच के लिए सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट यानी सीआईआरटी, पुणे को भी आमंत्रित किया है। सीआईआरटी अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगी। इस हादसे के बाद प्रदेश में चल रहे विशेष निरीक्षण अभियान के तहत अब तक 162 बसें जब्त की जा चुकी हैं। परिवहन विभाग ने सभी बस परिवहन संघों से अनुरोध किया है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और बसों में सुरक्षा मानकों के अनुसार आवश्यक सुधार किए जाने के बाद ही उनका संचालन सुनिश्चित करें।

अगर स्लीपर बसों की बात करें तो इसके लिए एआईएसः119 (आरईवी 1) प्रोविजन के तहत बस बॉडी का निर्माण होता है। आम भाषा में समझें तो सबसे पहले बस का चेचिस खरीदा जाता है, इसके बाद उन पर बॉडी का काम होता है। बॉडी बनाने के लिए कई नियमों का पालन करना होता है, जिसमें बस में लगने वाली सीटों की संख्या, बस का साइज आदि अहम है। इसके बाद चेसिस के हिसाब से बॉडी का निर्माण होता है। इसके बाद तीन जांच एजेंसियों से अप्रूवल लेना होता है, जिसमें यह तय होता है कि किस तरह की बस बनाई गई है। इसके बाद बस को फिटनेस आदि सर्टिफिकेट मिलते हैं। बस बनाने वाले बॉडी मेकर को ये सर्टिफिकेट लेना होता है। फिर बॉडी की जांच होती है और सर्टिफिकेट जारी होता है। इसके बाद बस सड़क पर चलने के लिए तैयार होती है। दरअसल, जो बड़े बॉडी मेकर हैं, वो समय पर सारे अप्रूवल ले लेते हैं, जो थोड़ा बड़ा और महंगा प्रोसेस है। ऐसे में जो बस वाले छोटे बॉडी मेकर से बस बनवाते हैं तो वे कागजों में बस की साइज, सीटों की संख्या कुछ और दिखाते हैं और हकीकत में बस की डिजाइन कुछ और होती है। आम तौर पर 13 मीटर बस की साइज का अप्रूवल आता है और फिर उसे 15 मीटर तक डिजाइन कर देते हैं। जैसे डबल एक्सल की साइज वाली बस को सिंगल एक्सेल चेसिस में बना देते हैं। इस दौरान कई बसों में फायर एग्जिट जैसी व्यवस्था भी करनी होती है। एक एसी स्लीपर बस को बनाने में करीब 26-27 लाख का खर्च आता है, जिसमें एसी का खर्च भी शामिल होता है।

इसमें बस की चेसिस और टायर आदि शामिल नहीं होते है। अगर कोई बस मालिक एसी खुद देते हैं तो 4 लाख का खर्च कम हो जाता है और फिर सिर्फ बॉडी और सीट का निर्माण किया जाता है। इस क्वालिटी में ही सुरक्षा का नजरअंदाज कर दिया जाता है। बताया जाता है इस दौरान खराब वायरिंग आदि की वजह से आग लगने की घटनाएं हो जाती हैं। जानकारों के मुताबिक, सर्दी की अपेक्षा गर्मी के दिनों में बसों में आग लगने के मामले तेजी से बढ़ जाते हैं। इसकी वजह होती है तेज धूप में बसों के इंजन और बॉडी का गर्म हो जाना। इंजन गर्म होने पर आग लगने का खतरा रहता है। इसके अलावा अगर बस में कोई भी तार इधर-उधर लटक रहा है तो उससे स्पार्क होने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही डीजल टैंक से अगर डीजल या फिर मोबिल ऑयल लीक करता है तो शॉर्ट-सर्किट से आग पकड़ने की संभावना बढ़ जाती है। जानकारों के मुताबिक, बसों में आग के हादसों को रोकने के लिए नियमित निरीक्षण, बेहतर रखरखाव और बसों में स्वचालित अग्निशमन प्रणाली लगाना महत्वपूर्ण है। परिवहन के नियमों को सख्त बनाना और चालकों को प्रशिक्षण देना भी आवश्यक है।

## विशेष

कांतिलाल मांडोत



# धनतेरस पर्व पर करें परोपकार का संकल्प

कार्तिक वदि तेरस से अमावस (दीपावली) तक निरन्तर तीन विशेष पर्व मनाये जाते हैं, उसी प्रकार कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा तथा द्वितीया को भी विशेष प्रकार के कुछ उत्सव व समारोह आयोजित होते हैं। इन पर्वों को पंचपर्व कहते है। मानव जीवन के साथ तथा समाज एवं राष्ट्रीय धारा के साथ गहरा सम्बन्ध है। सर्वप्रथम धन-तेरस के बारे में चर्चा करते हैं। प्रत्येक पक्ष में तीज और तेरस का दिन शुभ माना जाता है। कहावत है-बिन पूछा मुहुरत भला, या तेरस या तीज। किन्तु कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की तेरस बड़ी शुभ और लाभकारी मानी जाती है। पता नहीं, इसे धन-तेरस नाम देने के पीछे क्या कल्पना रही होगी। मेरे विचार में इसका सम्बन्ध दीपावली पर लक्ष्मी पूजन करने से पूर्व धन देवता की पूजा-अर्चना करके उसे प्रसन्न करने से हो सकता है। भारत में हिन्दू समाज में कार्तिक कृष्ण तेरस को सूर्यास्त के पश्चात् लक्ष्मी पूजन होता है और घर के द्वार पर यम का एक दिया जलाया जाता है। पुराणों की मान्यता ऐसी है कि पितृपक्ष में पितृगण अपने परिवारजनों को देखने के लिए अदृश्य रूप में भूलोक में आते हैं। वे सबको देखकर इस दिन वापस अपने पितृलोक को लौट जाते हैं। इसलिए इस दिन एक दिया जलाकर पितृगण को विदा दी जाती है। यह एक रूढ़ लोकमान्यता है। भारतीय पुराणों में धन-तेरस के पीछे आयुर्वेद के प्राण-प्रतिष्टदायक धन्वन्तरि के प्रादुर्भाव की कथा जुड़ी हुई है। महाभारत और पुराणों के अनुसार यह माना जाता है कि देव-दानवों ने मिलकर जब समुद्र-मंथन किया तो उसमें चौदह दुर्लभ रत्न प्राप्त हुए। उसी समुद्र-मंथन में धन्वन्तरि हाथ में अमृत कलश लिए प्रकट हुए। धन्वन्तरि चिकित्सा विज्ञान के आदि पुरुष माने जाते हैं। धन्वन्तरि शब्द का अर्थ है-शल्पशास्त्र में पारंगत पुरुष। किन्तु सुश्रुत संहिता के अनुसार आयुर्वेद के आठों अंगों का निपुण वैद्य धन्वन्तरि कहा जाता है। कुछ पुराणों के अनुसार काशी का राजा दिवोदास धन्वन्तरि नाम से प्रसिद्ध हुआ जो आयुर्वेद का महान विद्वान था। धन्वन्तरि देवताओं के चिकित्सक आज की भाषा में फेमिली डॉक्टर माने जाते हैं। महाभारत आदि पुराणों के अनुसार कार्तिक वदी 13 के दिन धन्वतरि प्रकट हुए इसलिए यह धन तेरस धन्वन्तरि के जन्म-दिन के रूप में मनाई जाती है। धन्वन्तरि के हाथ में अमृत कलश यह सूचित करता है कि संसार में रोग के विषाणुओं का नाश करने के लिए उसने औषधि रूप अमृत प्रदान किया। समस्त संसार को आधि-व्याधि, रोग आदि से मुक्त करके मानब को सुखी और स्वस्थ बनाना ही धन्वन्तरि का लक्ष्य है। वैद्य प्राणियों के शरीर के रोगों की चिकित्सा कर उन्हें शान्ति पहुंचाता है, भगवान प्राणियों के आध्यात्मिक, मानसिक रोगों की चिकित्सा करते हैं, उनके जन्म-मरण, जरा-शोक की व्याधि दूर करने वाले महावैद्य हैं। वैद्य शब्द का अर्थ ही है-जो दूसरों की वेदना-पीड़ा को जानता हो, वह है वैद्य। दूसरों की पीड़ा नहीं समझने वाला अथवा दूसरों के दुःख-दर्द में भी जिसका दिल नहीं पसीजता हो, वह वैद्यराज नहीं। दूसरों की पीड़ा से बेपरवाह धन का लोभी वैद्य या डॉक्टर वैद्य नहीं, यमदूत होता है। ऐसे लोभी वैद्यों के लिए कवि कहता है- हे यमराज के बंधु वैद्यराज, तुम्हें दूर से ही नमस्कार करता हूँ। तुम वैद्यराज नहीं, यमराज से भी बढ़-चढ़कर हो, क्योंकि यमराज तो सिर्फ प्राणी के प्राणों का ही हरण करता है, किन्तु तुम तो प्राण भी ले लेते हो और धन भी ले जाते हो। आज धन-तेरस धन्वन्तरि का जन्म-दिन हमें इस आदर्श की प्रेरणा देता है कि संसार में आये हो तो प्रेम का, सेवा का अमृत बाँटो, दूसरों के दुःख-दर्द-पीड़ा दूर करो। इन आदर्शों पर चिन्तन करो और अपने जीवन को इन आदर्शों पर चलाने का संकल्प करो-यह आज धन-तेरस की प्रेरणा है। धन तेरस का अर्थ-धन की वर्षा से नहीं है। लोग आज के दिन चाँदी व ताँबे-स्टील के बर्तन खरीदकर धन-तेरस मनाते हैं, किन्तु असली धन-तेरस है-दुखियों के दुःख-दर्द दूर करने का संकल्प लेना। संस्कृत में इसका अर्थ होता है-धन + ते रसः-तुम्हारा रस यानी प्राण, मनोभाव धन्य हो जाये, दूसरों की सेवा करके तुम्हारा जीवन-रस कृतार्थ हो जाये तो समझो आज धन तेरस हो गई। यदि आज के दिन आपने एक भी दुःखी प्राणी का दुःख-दर्द मिटा दिया। किसी अस्पताल में जाकर रोगियों की सार-सँभाल ले ली

## एक सप्ताह अपने लिए निकाले



संकलित

दर्शन

श्वास और मन पर ध्यान देने से हमारा प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) मजबूत होता है। यदि आप शिशुओं को देखें, तो पाएंगे कि वे अत्यंत संतुलित तरीके से श्वास लेते हैं। वे पूरे शरीर से श्वास लेते हैं-जब वे श्वास अंदर लेते हैं, तो पेट बाहर आता है, और जब श्वास छोड़ते हैं, तो पेट भीतर चला जाता है। पर जैसे-जैसे हम तनावग्रस्त होते हैं, यह प्रक्रिया उल्टी हो जाती है। ऐसी बातें कोई सिखाता नहीं, बस सजगता चाहिए। पर हमारा मन इतना व्यस्त, विचारों, निर्णयों और प्रतिक्रियाओं से भरा होता है कि हम प्रकृति की इन सूक्ष्म बातों को देख ही नहीं पाते। इसलिए साल में एक बार, एक सप्ताह अपने लिए निकालें, जैसे आप कार की सर्विसिंग कराते हैं। उस समय प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहें, सूर्योदय के साथ उठें, हल्का और आवश्यक मात्रा में भोजन करें, व्यायाम करें, योग, प्राणायाम, कुछ समय मौन रखें और प्रकृति का आनंद लें। जब हम प्रकृति से जुड़ते हैं, तो हमारी पूरी प्रणाली पुनर्जीवित हो जाती है। हम ऊर्जावान, उत्साही और प्रफुल्लित अनुभव करते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण है- जीवन में अधिक प्रसन्न रहना। चीजों को बहुत गंभीरता से न लें। थोड़ा सा आत्मज्ञान, अपने मन, चेतना और भ्रमों के मूल को समझना हमें जीवन को सुंदर बनाने में मदद करता है। हर व्यक्ति में सभी सद्गुण पहले से विद्यमान हैं, बस अज्ञानता की परतों से ढके हैं। हमें केवल उन्हें हटाना है और भीतर छिपे उन गुणों को प्रकट होने देना है।

## प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे। सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़ियें। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## सिद्दी धमाल



गुजराती जनजाति के कलाकारों ने गुरुवार, 16 अक्टूबर, 2025 को देर रात राजस्थान के जयपुर में जवाहर कला केंद्र में लोकरंग महोत्सव 2025 के दौरान सिद्दी धमाल पेश किया।

## आज की पाती

### एआई से बदलेगा इलाज का भविष्य

अब तक फिल्मों में जिस तरह की हाईटेक मशीनों को देखा गया है, वह हकीकत बनने की ओर बढ़ रही है। यूरोप के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल विकसित किया है जो 1000 से ज्यादा बीमारियों का खतरा पहले से भांप सकता है। डेल्फी 2-एम नामक यह टूल किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य का विस्तृत पूर्वानुमान लगाकर अगले 10 साल या उससे भी आगे तक की बीमारियों के बारे में अलर्ट दे सकता है। इस एआई मॉडल को यूरोपियन मॉलिक्यूलर बायोलॉजी लेबोरेटरी, जर्मन कैंसर रिसर्च सेंटर और कोपनहेगन यूनिवर्सिटी ने मिलकर तैयार किया है। इसे ट्रेनिंग देने के लिए करीब 23 लाख लोगों का स्वास्थ्य डेटा इस्तेमाल किया गया। यह मॉडल बीमारियों का पैटर्न समझता है।

- शंकर त्रिवेदी, बिलासपुर

## करंट अफेयर

# न्यूयॉर्क के महापौर एरिक ने दिवाली उत्सव की मेजबानी की

न्यूयॉर्क शहर के महापौर एरिक एडम्स ने अपने आधिकारिक आवास पर एक शानदार दिवाली उत्सव की मेजबानी की, जिसमें उन्होंने भारतीय समुदाय के सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया और शहर के सांस्कृतिक एवं आर्थिक ताने-बाने में उनके योगदान की सराहना की। यहां भारतीय मिशन ने बृहस्पतिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास की ओर से, उप महावाणिज्य दूत विशाल जे. हर्ष ने दिवाली की शुभकामनाएं दीं और ''त्योहार के प्रकाश, आशा और आनंद के चिरस्थायी संदेश'' के बारे में बात की। इसमें कहा गया.



## ऑफ बीट

# एआई सामग्री में त्रुटियों से बढ़ रहा काम का बोझ

क्या आपने कभी अपनी नौकरी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल काम की गुणवत्ता या सटीकता की दोबारा जांच किए बिना किया है? अगर हां, तो आप अकेले नहीं होंगे। हमारे वैश्विक अध्ययन से पता चलता है कि कार्यस्थल पर एआई का इस्तेमाल करने वाले दो-तिहाई (66 प्रतिशत) कर्मचारी बिना मूल्यांकन किए एआई सामग्री पर निर्भर रहे हैं। इससे दूसरों के लिए त्रुटियों की पहचान और सुधार में काफ़ी अतिरिक्त काम पैदा हो सकता है, प्रतिष्ठा को नुकसान की तो बात ही छोड़िए। इसी हफ़्ते, कंसल्टिंग फ़र्म डेलॉइट ऑस्ट्रेलिया ने औपचारिक रूप से माफ़ी मांगी, क्योंकि संघीय सरकार के लिए तैयार की गई



## X ट्रेंड

### एमआरओ सुविधा स्थापित

एचएएल नासिक डिविजन में अब सिविल और मिलिट्री एविएशन दोनों के लिए संयुक्त एमआरओ सुविधा स्थापित की गई है। यह दर्शाता है कि भारत में अब सिविल और मिलिट्री एविएशन एक ही मंच पर साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं।

-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री



### सच्चाई सामने आए

जुबिन गर्ग के मामले में सच्चाई जितनी जल्दी सामने आए, उतना ही बेहतर है, क्योंकि परिवार इस मामले की हकीकत जानना चाहता है। परिवार ने जुबिन को खो दिया है, और वे केवल यही चाहते हैं कि सच्चाई सामने आए।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



### आत्मनिर्भर भारत बनाएं

इस दीपावली जब हम एक मिट्टी का दीया जलाएंगे तो उसकी रोशनी किसी कुम्हार के घर में भी उम्मीद जगाएगी। जब हम स्वदेशी मिठाई खरीदेंगे तो किसी छोटे व्यापारी के घर में समृद्धि की खुशबू फैल जाएगी। इस दीपावली जो भी खरीदें, वो स्वदेशी हो। आइए, मिलकर आत्मनिर्भर भारत बनाएं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



### देशहित की बात

पहलगाम में उन्होंने धर्म पूछ कर मारा, हमने उनके घर में घुसकर आतंकी अड्डों व आतंक के आकाओं को नेस्तनाबूद किया। मगर जब भी बात देशहित की आती है, कांग्रेस-आरजेडी दूसरे पाले में दिखाई देते है।

-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा



## संक्षेप

### सवा तीन करोड़ का कल्याण मंडपम उद्घाटन

**एसडीएम ने किया लोकार्पण, कई लोग रहे मौजूद**

सुलतानपुर, लंभुआ के विवेक नगर वार्ड में 3 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से बने कल्याण मंडपम (बारात घर) का शनिवार को उद्घाटन किया गया। उप जिलाधिकारी गामिनी सिंगला ने फीता काटकर इसका लोकार्पण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत प्रतिनिधि महेंद्र प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता अमित सिंह और विभिन्न सभासद उपस्थित रहे। पूजन-अर्चन के बाद मंडपम का विधिवत उद्घाटन हुआ। इससे नगर पंचायत के निवासियों को काफी लाभ मिलने की उम्मीद है। इस कल्याण मंडपम का शिलान्यास दो वर्ष पहले हुआ था। घनी आबादी के बीच स्थित इस भवन में कमरे, हॉल, रसोईघर और प्रसाधन की सुविधा है। छोटे चार पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए भी स्थान आरक्षित किया गया है। इसका निर्माण कार्य सी एंड डी एस नामक कार्यकारी संस्था ने पूरा किया है। हालांकि, निर्माण के दौरान स्थानीय लोगों ने घटिया सामग्री के उपयोग सहित कई आरोप लगाए थे।

### डीएपी खाद के लिए किसान परेशान

**पासबुक व सदस्यता शुल्क अनिवार्य होने से बढ़ी दिक्कत**

सुलतानपुर, रबी सीजन शुरू होते ही डीएपी खाद की मांग बढ़ गई है। कूरेभार क्षेत्र की ढेसरुआ गुप्तरगंज साधन सहकारी समिति पर दोपहर डीएपी खाद लेने के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खाद के लिए किसानों को घंटों लाइन में इंतजार करना पड़ा। किसानों ने बताया कि समिति से डीएपी खाद प्राप्त करने के लिए पहले सदस्यता शुल्क जमा करना और पासबुक बनवाना अनिवार्य है। सुरेंद्र शुक्ला, हंसराज, गुलजार और मनीष जैसे कई किसानों ने शिकायत की कि बिना पासबुक के उन्हें खाद नहीं मिल रही है। किसानों का कहना है कि धान की फसल के दौरान भी उन्हें यूरिया खाद के लिए बार-बार समिति के चक्कर लगाने पड़े थे। अब डीएपी खाद के लिए भी उन्हें इसी तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने समिति से व्यवस्था में सुधार की मांग की है ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानी न हो। इस संबंध में समिति के सचिव राधेश्याम पांडेय ने बताया कि शासन के निदेशानुसार केवल पंजीकृत किसानों को ही खाद उपलब्ध कराई जा रही है।

### चक्कारीभीट में संचारी रोग अभियान

**गांव में दवा छिड़काव और सफाई पर जोर**

सुल्तानपुर, बल्दीराय क्षेत्र स्थित चक्कारीभीट गांव में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में व्यापक दवा छिड़काव और सफाई पर जोर दिया गया, जिसका उद्देश्य गांव में स्वच्छता को बढ़ावा देना था। अभियान के दौरान, पूरे ग्राम सभा में घर-घर जाकर दवा का छिड़काव किया गया। स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए गए। इस अभियान का नेतृत्व ग्राम प्रधान मोहम्मद सम्मू (पप्पू), एएनएम शिवलाली, आशा कार्यकर्ता सुनीता अग्रहरी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेखा देवी ने किया।

# इजराइल की जल तकनीक से बदल रहा कृषि का भविष्य

अमन लेखनी समाचार / सिराज अली कादरी



कैसरगंज, बहराइच। भारत की खेती आज एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। यह बदलाव आया है इजराइल की जल तकनीक से। रेगिस्तानी और पानी की कमी वाले इस छोटे से देश ने जो तकनीकी चमत्कार रचे हैं, वही अब भारत की कृषि को नई दिशा दे रहे हैं। इस्राइल की कृषि तकनीक से जिले के लोग भी लाभान्वित हो रहे है। कस्बा कैसरगंज के आधुनिक किसान अरशद मजीद ने बताया कि वो किस तरह से इस्त्राइल की तकनीक का सहारा लेकर अनार की खेती कर रहे है। अनार की खेती के लिए जो वातावरण चाहिए इस्त्राइल की तकनीक ने उसको आसान बना दिया है। भारत और इजराइल आकार और जनसंख्या में बहुत अलग हैं, लेकिन दोनों देशों के सामने एक समान चुनौती है जल संकट। भारत में कृषि 40% से अधिक लोगों को रोजगार देती है और लगभग 20% GDP में योगदान करती है। लेकिन 60% से ज्यादा कृषि भूमि मानसून पर निर्भर है और भूजल स्तर लगातार गिर रहा है। इजराइल ने भी इसी समस्या से जूझते हुए ऐसी जल तकनीक विकसित की हैं जो अब भारत के लिए वरदान साबित हो रही हैं जैसे ड्रिप सिंचाई, जल पुनर्चक्रण, स्मार्ट खेती और समुद्री जल शुद्धिकरण। इजराइल की सबसे प्रसिद्ध तकनीक है ड्रिप इरिगेशन एक ऐसी प्रणाली जिसमें पानी बूंद-बूंद कर पौधों की जड़ों तक पहुँचता है। इससे पानी की बबार्दी 50% तक कम होती है और फसल उत्पादन 20-40% तक बढ़ जाता है। इजराइली कंपनी ठीझ्रें ने भारत में इस तकनीक को लोकप्रिय बनाया है। आज महाराष्ट्र में गन्ने से लेकर कर्नाटक में अनार तक, लाखों किसान इसी तकनीक से फसलें उगा रहे हैं। सिर्फ तकनीक देना काफी नहीं, किसानों को इसका सही इस्तेमाल सिखाना भी जरूरी है। इसी सोच से 2008 में भारत और इजराइल ने इंडो-इजराइल कृषि सहयोग परियोजना शुरू की। आज देश के कई राज्यों में 30 से अधिक उत्कृष्टता केंद्र (Centres of Excellence) काम कर रहे हैं। ये केंद्र किसानों को आधुनिक सिंचाई, ग्रीनहाउस खेती, खाद-पानी प्रबंधन और फसल संरक्षण जैसी तकनीकों का प्रशिक्षण देते हैं। हरियाणा के घरौंडा केंद्र ने हजारों किसानों को नई तकनीक अपनाने में मदद की है। अब साझेदारी का अगला चरण स्मार्ट खेती है। इजराइल के स्टार्टअप्स भारत में सेंसर, उपग्रह डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीक ला रहे हैं, जो पानी की जरूरत को सटीक रूप से मापकर सिंचाई को स्वचालित कर देते हैं। इजराइल का अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण मॉडल भी भारतीय शहरों में अपनाया जा रहा है। इजराइल लगभग 90% गंदे पानी को कृषि के लिए दोबारा इस्तेमाल करता है। इन तकनीकों से किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। उदाहरण के लिए, गुजरात के केले किसान ड्रिप सिंचाई से अपनी आमदनी दोगुनी कर चुके हैं। आंध्र प्रदेश में आधुनिक तकनीक से साल भर उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियाँ उगाई जा रही हैं, जिससे निर्यात भी बढ़ा है। भारत-इजराइल सहयोग अब और गहरा होगा। आने वाले वर्षों में दोनों देश मिलकर अक-आधारित सटीक कृषि, जल संरक्षण तकनीक, और सूखा प्रतिरोधी फसलों पर शोध करेंगे। यह साझेदारी भारत को खाद्य सुरक्षा और जल सुरक्षा के लक्ष्यों तक पहुँचाने में मदद करेगी। भारत और इजराइल का यह सहयोग केवल तकनीक का नहीं, बल्कि दृष्टिकोण और संकल्प का उदाहरण है। पानी की हर बूंद की कीमत जानने वाले इजराइल ने भारत को सिखाया है कि कमी को भी अवसर में बदला जा सकता है।

# वन फाउंडेशन का विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। बीते मंगलवार को वीरपुर बाबागंज मे वन फाउंडेशन का विधायक नानपारा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक नानपारा राम निवास वर्मा द्वारा चर्दा रोड बाबागंज स्थित वन फाउंडेशन कार्यालय का उद्घाटन फीता काट कर किया गया। वन फाउंडेशन के संस्थापक ज्ञानेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य बच्चों को डिजिटल शिक्षा व रोजगार परक प्रशिक्षण के माध्यम से आत्म निर्भर बनाकर राष्ट्र निर्माण में सहायक एवं समाजोपयोगी बनाना है। मुख्य अतिथि विधायक श्री वर्मा ने कहा कि बेरोजगार नवयुवकों को यदि रोजगार परक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके तो समाज में आर्थिक स्थिति सुधरने से खुशहाली आने की अधिक संभावना है, क्योंकि बेरोजगार नवयुवक दिग्भ्रमित होकर गलत दिशा अपना लेते हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सोरहिया फौजदार वर्मा ने जनकल्याण हेतु प्रयासरत रहने के लिए फाउंडेशन के संस्थापक की सराहना की। इस मौके पर अपना दल के ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद पटेल, विधानसभा अध्यक्ष पेशकार पटेल ने भी वन फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सदप्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से राकेश वर्मा, बाबादीन वर्मा, सुरेश चंद्र गुप्ता एडवोकेट, हेमराज वर्मा, राम गोपाल वर्मा, राम बरन वर्मा, पत्रकार/समाजसेवी संतोष मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित रहे। इससे पूर्व फाउंडेशन के द्वारा दीपावली के अवसर पर बाल मेला के आयोजन के साथ साथ विभिन्न धार्मिक स्थलों जैसे बाबा परमहंस कुटी, माता चौरी कुटिया मंदिर, श्री मां गायत्री मंदिर आदि पर इक्कीस हजार दीप प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव त्यौहार को यादगार बनाया गया।

# मिशन शक्ति के तहत कैसरगंज मे महिला आरक्षियों ने चलाया अभियान



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत सीएचसी कैसरगंज, कस्बा कैसरगंज, पहाड़पुरवा, बिराहिमपुर बिल्लौरा, जयसिंहापुर में मिशन शक्ति टीम थाना कोतवाली क्षेत्रों कैसरगंज द्वारा बालिकाओं तथा महिलाओं को उच्चाधिकारी द्वारा दिए गये आदेशो निदेशों के क्रम मे तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना के बारे मे व बालिकाओं से उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया गया तथा महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090,1098,107, 112,18, 108 आदि व साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई तथा बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ करते हुए जानकारी दी गई। महिला संबंधी अपराध में 2025 में जेल से रहा अपराधियों का सत्यापन किया गया तथा थाने पर आए महिला संबंधी प्रार्थना पत्र की काउंसलिंग की गई। मिशन शक्ति टीम मे उ0नि0 बाबूलाल विश्वकर्मा, महिला उ0नि0 आशा वर्मा, महिला आरक्षी दीपिका त्रिवेदी, महिला आरक्षी पप्पी चौधरी, आरती यादव आदि शामिल रहीं।

# साप्ताहिक बाजार में साइबर जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। बीते बुधवार को राष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान माह के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक, जनपद बहराइच के आदेश के अनुपालन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर/सहायक नोडल क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में, साइबर क्राइम पुलिस थाना बहराइच द्वारा साप्ताहिक सुखनदिया बाजार, जनपद बहराइच में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 250-300 नागरिकों को मोबाइल फोन एवं सोशल मीडिया पर बनाए गए खातों की सुरक्षा हेतु टू-स्टेप वेरिफिकेशन को सक्रिय करने, मोबाइल में इंस्टॉल किए गए महत्वपूर्ण एप्स पर मजबूत पासवर्ड लगाने, मोबाइल पर आने वाले संदिग्ध लिंक्स एवं एपीके फाइल्स से बचने, तथा अन्य प्रकार के साइबर फ्रॉड से सावधान रहने की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल सहायता हेतु राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं इसकी अधिकारिक वेबसाइट cybercrime.gov .in के प्रयोग की विधि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे आमजन साइबर अपराध की सूचना तुरंत और प्रभावी तरीके से दे सकें। मौके पर प्रभारी निरीक्षक रणजीत यादव, आरक्षी शिवाकान्त, महिला आरक्षी रीना शुक्ला मौजूद रहीं।

# मां-बेटे की मौत मामले में नया मोड़

**भाई ने दहेज में बुलेट न मिलने पर हत्या का आरोप लगाया**

अमन लेखनी समाचार

देवरिया, जिले के लार थाना क्षेत्र के नेमा गांव में मां-बेटे की मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। मृतका के भाई ने इसे हत्या बताते हुए ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए बुलेट मोटरसाइकिल न देने पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। खामपार थाना क्षेत्र के केहूनिया गांव निवासी राजन पुत्र स्वर्गीय मुन्नीलाल ने लार थाने में तहरीर दी है। इसमें उसने अपनी बहन चंद्रकला और भांजे की मौत को हत्या बताया है। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने उसकी बहन की हत्या कर शव को साड़ी के फंदे से लटका दिया। राजन के अनुसार, उसकी बहन चंद्रकला का विवाह 20 मई 2022 को नेमा निवासी मुन्ना पुत्र गुलाब से हुआ था। विवाह के समय सामर्थ्य अनुसार दहेज दिया गया था, लेकिन शादी के कुछ महीनों बाद ही ससुराल पक्ष बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर चंद्रकला को प्रताड़ित करने लगा था राजन को सूचना मिली कि उसकी बहन और भांजे की मौत हो गई है। मौके पर पहुंचने पर उसने दोनों के शव फंदे से लटके पाए। उसे संदेह




है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि पूर्व नियोजित हत्या का मामला है। सूचना मिलते ही लार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पति मुन्ना पुत्र गुलाब को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# संदिग्ध हालात में व्यक्ति की मौत

- भाई ने हत्या का आरोप लगाया, कहा- जुए में जीते 70 हजार रुपये गायब थे

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव अस्पताल की मॉर्चरी में मिला। मृतक के भाई गुड्डू ने उसकी पहचान नन्हे यादव (45) के रूप में की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दीपावली की रात नन्हे यादव ने जुए में 70 हजार रुपये जीते थे, जिसके बाद उनकी हत्या कर दी गई। थाना सदर बाजार क्षेत्र के बहादुरपुरा गांव निवासी नन्हे यादव दीपावली की रात खाना खाने के बाद जुआ खेलने गए थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने जुए में करीब 70 हजार रुपये जीते थे। इसके बाद नन्हे यादव का कुछ पता नहीं चल सका। उन्हें एक अज्ञात महिला ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अज्ञात मानकर मॉर्चरी में रखवा दिया था। बाद में जानकारी जुटाने के बाद उनके छोटे भाई गुड्डू मॉर्चरी पहुंचे और शव की पहचान नन्हे यादव के रूप में की। गुड्डू ने बताया कि नन्हे यादव ने जुए में जो 70 हजार रुपए जीते थे, वे गायब हैं। उन्होंने मोहल्ले के एक व्यक्ति पर अपने घर में ले जाकर नन्हे यादव के साथ मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक का मोबाइल भी गायब बताया जा रहा है। गुड्डू ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह भी बताया कि नन्हे यादव अविवाहित थे और उनके चार भाई हैं। वह एक डेयरी पर मजदूरी करते थे। सदर थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने इस मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रोडवेज और ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत

**शीशा तोड़कर आलू की बोरियां बस में घुसीं; 11 घायल, 4 की हालत गंभीर**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, रोरावर थाना क्षेत्र में गोंडा हाईवे पुल पर फरुर्खाबाद डिपो की रोडवेज बस की सामने चल रही आलू से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बस का आगे का शीशा टूट गया और ट्रॉली में भरी आलू की बोरियां बस के अंदर जा घुसीं। शीशे के टुकड़े चालक और यात्रियों में धंस गए, जिससे बस में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही डायल-112 की पीआरवी और एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गईं। हादसे में बस चालक, परिचालक समेत 11 लोग घायल हो गए। इनमें एक ही परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बाकी सात घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली को हाईवे से हटवाकर किनारे कराया। सामने चल रहे ट्रैक्टर ने अचानक मोड़ दिया जानकारी के अनुसार, फरुर्खाबाद डिपो की बस यात्रियों को लेकर आनंद विहार (दिल्ली) के लिए रवाना हुई थी। जब बस अलीगढ़ के रिंग रोड पर गोंडा हाईवे पुल के पास पहुंची, तभी सामने चल रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने अचानक मोड़ लिया। पीछे से आ रही बस उससे टकरा गई। यात्रियों ने बताया-आगे निकलने की होड़ में हुआ हादसा सवारियों ने बताया कि ट्रैक्टर चालक पहले अपनी गाड़ी को लहरा रहा था, इसके बाद बस चालक ने भी उसे ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान बस ट्रॉली से भिड़ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का आगे का शीशा टूट गया और ट्रॉली में रखी आलू की बोरियां सीधे बस के अंदर आ गिरीं। शीशे के टुकड़े चालक और यात्रियों में घुस गए और कई लोग लहूलुहान हो गए। राहगीरों ने बचाई जान हादसे के बाद बस में अफरातफरी मच गई। पीछे से आ रही एक अन्य रोडवेज बस वहां रुकी। राहगीर भी मौके पर पहुंच गए और किसी तरह घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद एम्बुलेंस से सभी घायलों को इलाज के लिए मलखान सिंह जिला अस्पताल भेजा गया। बस चालक और परिचालक ने हादसे की सूचना विभागीय अधिकारियों को दी।

# बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद

**मारपीट में तीन लोग घायल, दोनों पक्षों ने पुलिस से की शिकायत**

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, बाइक खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में तीन लोग घायल हो गए। यह घटना सिंधौली थाना क्षेत्र के पैना खुर्द सुंदरनगर गांव में हुई। देर रात हुए इस झगड़े में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और हमले का आरोप लगाया है। पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है और दूसरे पक्ष की तहरीर की भी जांच कर रही है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, गांव पैना खुर्द सुन्दरनगर निवासी अंशू अपने बेटे और भांजे की दवाई लेने एक क्लिनिक पर गए थे। उन्होंने अपनी बाइक गोविन्द के घर के सामने खड़ी कर दी, जिस पर गोविंद ने आपत्ति जताई। यह विवाद बढ़ गया। अंशू पक्ष का आरोप है कि देर रात गोविन्द और उसके साथियों ने उनके घर में घुसकर हमला कर दिया, जिसमें चीना देवी (पत्नी अजीत), जोगेन्द्र और बुधपाल घायल हो गए। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद कथित आरोपी भाग गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा और अजीत की तहरीर पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की। वहीं, गोविन्द पक्ष की महिलाओं ने थाने पहुंचकर आरोप लगाया कि अंशू और अजीत के पक्ष के लोग रात में उनके दरवाजे पर आए और एक विचाराधीन मुकदमे में गवाही देने का दबाव बनाने लगे। महिलाओं का आरोप है कि मना करने पर उन लोगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए उनके



साथ मारपीट की। पुलिस इस तहरीर के आधार पर भी मामले की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि रात के विवाद में घायलों को उपचार के लिए भेजकर प्राथमिकी दर्ज की गई है। दूसरे पक्ष की तहरीर की भी जांच की जा रही है और उचित कार्रवाई की जाएगी।

# ससुर ने दामाद पर कुल्हाड़ी से हमला किया

**पत्नी को लेने पहुंचा था दामाद, पुलिस ने मामला दर्ज किया**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के पूरे हुलाई कंकूपुर में ससुर ने अपने दामाद पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। दामाद अपनी पत्नी को लेने ससुराल आया था। हमले के बाद दामाद ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, शुकुल बाजार थाना में युवक अपनी पत्नी को लेने के लिए अपने ससुराल पूरे हुलाई कंकूपुर पहुंचा था। पत्नी पिछले दो महीने से अपने मायके में रह रही थीं। पति-पत्नी के बीच मामूली विवाद को लेकर ससुर ने राम अवतार के



सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में घायल हुए दामाद राम अवतार यादव ने तुरंत भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाने पहुंचकर ससुर के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर राम अवतार को इलाज के लिए जगदीशपुर ट्रामा सेंटर भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार किया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष तनुज पाल ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पीड़ित लड़के की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# अवैध विस्फोटक के साथ एक वांछित गिरफ्तार

**10 बोरे पटाखे बरामद, कादीपुर पुलिस ने आरोपी को कोर्ट भेजा**

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, जयसिंहपुर में हुए विस्फोट के बाद पुलिस काफी अलर्ट मोड पर है। इस क्रम में कादीपुर कोतवाली पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को अवैध विस्फोटक पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी कादीपुर के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी नईम पुत्र फुन्नन (30), निवासी जवाहर नगर, थाना कादीपुर को हिरासत में लिया गया। उसके पास से 10 बोरे अवैध पटाखे और अर्द्ध-निर्मित सुतली बम सहित अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद हुई। पुलिस उसे माल के साथ गिरफ्तार करके थाने लाई। जहां उसके विरुद्ध थाना कादीपुर में अवैध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। एसएचओ श्याम सुंदर ने बताया अभियान लगातार जारी है।

## संक्षेप

### तेज रफ्तार कार ने दो एनसीसी कैडेट्स को मारी टक्कर

**सरधना में हादसा, चालक फरार; एक और बाइक सवार घायल**

सरधना, थाना क्षेत्र के खिरवा रोड पर एक सड़क हादसे में दो एनसीसी कैडेट गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार कार ने ओवरटेक करते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिसके बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में एक अन्य बाइक सवार भी घायल हुआ है। घायल एनसीसी कैडेट लक्ष्य ने बताया कि वह अपने साथी विशाल के साथ बटालियन 70 से सरधना लौट रहे थे। खिरवा से आगे निकलने पर एक स्विफ्ट कार ने ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में उनकी पल्सर बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के एयरबैग खुल गए, जिससे कार सवार बच गए। हालांकि, टक्कर के तुरंत बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। इसी दौरान, पीछे से आ रहे महबूब की बाइक भी दुर्घटनाग्रस्त कार से टकरा गई, जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### खाद्य विभाग ने 82क्विंटल मावे का सैंपल लिया

**जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा, रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई**

बागपत, खाद्य विभाग की टीम ने एक बर्फ खाने पर छापा मारा। टीम ने बर्फी बनाने के लिए रखे 82 क्विंटल मावे का नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। अधिकारियों ने प्रथम दृष्टया मावे को सही बताया है, लेकिन अंतिम कार्रवाई जांच रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी। यह मावा पांच दिन पहले बर्फ खाने में लाया गया था। खाद्य विभाग की टीम ने तहसील की टीम के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। अधिकारियों ने बर्फ खाना संचालक को साफ-सफाई रखने और सभी नियमों का पालन करने के निर्देश भी दिए हैं। मौके पर पहुंचे खाद्य विभाग के अधिकारियों ने मावे को सूंघकर उसकी गुणवत्ता को 'ठीक' बताया। अधिकारियों की इस कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, विभाग का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जमीनी विवाद में हवाई फायरिंग

**लालूपुर गांव में श्मशान भूमि पर कब्जे को लेकर झड़प**

रायबरेली, हरचंदपुर थाना क्षेत्र के लालूपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि हवाई फायरिंग तक की नौबत आ गई। पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। ग्रामीणों के अनुसार, लालूपुर निवासी छोटे नरेंद्र, जो जीएमसी राय, रायबरेली के प्रवासी बताए जा रहे हैं, ने गांव में एक जमीन खरीदी थी। जब वे उस जमीन पर काम कर रहे थे, तो विवाद तब गहरा गया जब उन पर बगल में स्थित श्मशान भूमि (गाटा संख्या 566) पर कब्जा करने का आरोप लगा। ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज और मारपीट शुरू हो गई।

# रोडवेज कर्मी की हत्या में चौकी इंचार्ज सस्पेंड

**प्रयागराज में भाई बोला– पहले ही जताई थी आशंका, फिर भी कार्रवाई नहीं की**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, धूमनगंज में मंगलवार को हुई रावेंद्र कुमार उर्फ मुन्नू की हत्या के मामले में एक्शन लिया गया है। जिस टीपी नगर चौकी क्षेत्र में यह वारदात हुई, वहां के चौकी इंचार्ज राजेश कुमार चौबे को सस्पेंड कर दिया गया है। यह कार्रवाई एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर डॉ. अजयपाल शर्मा के निर्देश पर जांच के बाद की गई। मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि उन्होंने पहले भी हत्यारों की ओर से धमकी देने की शिकायत की थी, लेकिन धूमनगंज पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर डॉ. अजयपाल शर्मा ने डीसीपी मनीष कुमार शांडिल्य को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में यह पाया गया कि चौकी प्रभारी की शिथिलता और लापरवाही घटना की एक प्रमुख वजह बनी। रिपोर्ट के आधार पर तत्काल प्रभाव से राजेश कुमार चौबे को सस्पेंड कर दिया गया। धूमनगंज थाने में इस मामले में कुल 11 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इनमें सात नामजद और चार अज्ञात आरोपी शामिल हैं। नामजद आरोपियों में हसनैन, नूरैन, अली, हुसैन, कामरान, इरफान और कैफ के नाम शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और कुछ के ठिकानों का पता चल गया है। मृतक के भाई नरेंद्र कुमार उर्फ राजन के मुताबिक, मंगलवार दोपहर करीब 1:15 बजे उनका भाई रावेंद्र पेट्रोल भरवाने के लिए मुंडेरा चुंगी पेट्रोल टंकी गया था। उसी समय पहले से घात लगाए बैठे आरोपी अचानक सामने आ गए और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गालीगलौज शुरू कर दी। आरोप है कि उन्होंने रावेंद्र के सिर पर पत्थर मार दिया और मार डालो कहते हुए एक साथ हमला कर दिया। एफआईआर में यह भी लिखा कि उन्होंने पहले ही पुलिस को यह सूचना दी थी कि आरोपियों की ओर से उन्हें और उनके परिवार को धमकियां दी जा रही हैं। बावजूद इसके पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। नरेंद्र ने अपनी तहरीर में लिखा, मैंने पहले ही कहा था कि कभी भी हमारे साथ घटना घट सकती है, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। घटना को लेकर परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश बरकरार है। रावेंद्र के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। मौजूद हालात को देखते हुए मुंडेरा चुंगी व मृतक के घर के आसपास भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। आला अफसर खुद मौके पर पहुंच गए हैं। एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर डॉ. अजयपाल शर्मा ने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**प्रयागराज में बाराही माता मंदिर पर दर्शन के बाद हुआ हादसा**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, दिघिया चौकी क्षेत्र के गरेथा गांव स्थित बाराही माता मंदिर पर दर्शन करने आईं एक महिला की बुधवार दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर दिघिया चौकी प्रभारी विक्की गुप्ता ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज भेज दिया। कोरांव थाना क्षेत्र के गजाधरपुर निवासी अमरनाथ साहनी अपनी 30 वर्षीय पत्नी संजू और बच्चों के साथ मन्नत पूरी होने पर मंदिर दर्शन के लिए आए थे। दर्शन के बाद दोपहर लगभग 1 बजे परिवार घर वापस जाने के लिए रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अमरनाथ अपने बेटों मोहन, आलोक और बेटी गुड़िया के साथ ट्रैक पार कर गए। संजू हाथ में प्रसाद लेकर ट्रैक पार कर रही थीं, तभी डाउन लाइन पर आ रही एक तेज रफ्तार एक्सप्रेस ट्रेन के झोंके से वह असंतुलित हो गईं। हाथ में नारियल और जल भरा लोटा होने के कारण वह खुद को संभाल नहीं पाईं और ट्रेन से टकराकर दूर जा गिरीं, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पत्नी की मृत्यु से अमरनाथ और उनके तीनों बच्चे सदमे में आ गए। अमरनाथ ने बताया कि संजू मन्नत पूरी होने पर माता के दर्शन के लिए आई थीं। स्थानीय लोगों के अनुसार, मंदिर के पास फुट ओवर ब्रिज न होने के कारण अक्सर श्रद्धालु रेलवे ट्रैक पार करते समय हादसों का शिकार होते हैं।

# भारतीय किसान यूनियन (महासभा) की बैठक

**किसानों की समस्याओं पर तैयार हुई रुपरेखा, आंदोलन की तैयारी तेज**

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा , अट्टा फतेहपुर गांव में भारतीय किसान यूनियन (महासभा) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें किसानों की समस्याओं पर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी ने की, जबकि इसका संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष सादिक खान ने किया। अपने संबोधन में गीता भाटी ने सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाया और कहा कि यूनियन किसानों, मजदूरों और शोषित वर्ग की सच्ची आवाज है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो संगठन सड़कों पर उतरकर शांतिपूर्ण आंदोलन करेगा। भाटी ने जेवर के छोटे टोल प्लाजा को लेकर प्रशासन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों से टोल न लेने की व्यवस्था पूरे देश में लागू है, लेकिन जेवर में इसका उल्लंघन हो रहा है। इसे अन्यायपूर्ण और लोकतंत्र के खिलाफ बताते हुए उन्होंने कहा कि इस विषय पर जल्द ही बड़ा आंदोलन करने की योजना है।

# संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का हुआ भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गुरसराय, झाँसी। श्री रामराजा सरकार समिति द्वारा संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। युवा समाजसेवी सचिन व्यास,नितिन व्यास के निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मानस मंडली द्वारा संगीतमय श्रीसुंदरकांड का प्रभावी पाठ किया,जिसे सुन श्रोता भक्ति भाव से विभोर हो गए। संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ के बाद भजन संध्या का भव्य आयोजन एवं आरती व महाप्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं को सुंदरकांड का महत्व समझाते हुए युवा समाजसेवी पं सचिन व्यास ने कहा कि कलियुग में भगवान का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर पार हो सकता है,उन्होंने कहा कि प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड बजरंगबली की आराधना है। इसका पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं,एवं श्री सुंदरकांड पाठ सुनने से मनुष्य के आत्मिक एवं भौतिक ज्ञान का विकास होता है। मानस मंडली मे नारायण दास कुचवार पुजारी, सीताराम,दीवान,भानूप्रताप सिंह का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रोताओं का आभार नितिन व्यास ने व्यक्त किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर व्यास,भगवत नारायण व्यास, अतुल व्यास,रामजी व्यास,रघु त्रिपाठी, नीशू कोठारी,अमन गोस्वामी, अभिषेक पटेल,अंकी पटेल अतरसुवाँ, सौरभ स्वामी,भारत पटेल, आदर्श द्विवेदी,रामजी शर्मा,अनमोल यादव,चंद्रपाल,दद्दू नगरा, देवेंद्र घोष,मुन्ना साउंड वाले,धीरज नायक,दीपक,परमात्मा सोनाकिया, शशांक शर्मा,मयंक श्रीवास्तव,गोलू यादव,विनय द्विवेदी,दीपांशु व्यास, अखिलेश तिवारी लभेरा सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# रएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

**बाइक से बागपत के बाजारों का निरीक्षण किया**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, बागपत जनपद में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बाजारों में भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए एसपी सूरज कुमार राय ने खुद बाइक से शहर की सड़कों पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी राय ने बागपत शहर के मुख्य बाजारों का दौरा किया। उन्होंने सुरक्षा बैरियरों, यातायात नियंत्रण व्यवस्था और ई-रिक्शा की आवाजाही का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानों के बाहर तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी की समीक्षा भी की। सरार्फा बाजार पर विशेष ध्यान दिया गया, जहां ज्वेलरी दुकानों के बाहर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसपी ने बाजार में गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने की हिदायत दी। उन्होंने कोतवाली बागपत का भी निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। एसपी ने बताया कि किसी भी अव्यवस्था को रोकने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने जनता से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। इस निरीक्षण के दौरान उनके साथ अन्य पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी भी मौजूद रहे। त्योहारों पर शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार फ्लैग मार्च और निगरानी की जा रही है।

# पुलिस ने चोरी के 219 मोबाइल बरामद किए

**90 लाख है कीमत, फोन पाकर लोगों ने बोला थैंक्यू**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, पुलिस ने चोरी और खोए हुए 219 मोबाइल रिकवर किए है जिनकी मार्किट वैल्यू लगभग 90 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ये सभी फोन असली मालिकों को वापस कर दिए हैं। यह कार्रवाई सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल पर मिली चोरी और खोए मोबाइल की शिकायतों पर की गई। साइबर टीम ने तकनीकी जांच, सर्विलांस और मैनुअल इनपुट की मदद से मोबाइल का पता लगाया। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर जांच करते हुए मोबाइल की लोकेशन के आधार पर मालिकों की पहचान की। देहात ने बताया कि मोबाइल बरामद करने के लिए तकनीकी साक्ष्यों का गहराई से विश्लेषण किया गया। थाना मसूरी से 62 मोबाइल, अंकुर विहार से 30, भोजपुर से 28, मोदीनगर से 21, लोनी बॉर्डर से 20, मुरादनगर से 17, लोनी से 15, ट्रोनिका सिटी से 14 और निवाड़ी से 12 मोबाइल बरामद हुए हैं। पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि चोरी या खोए मोबाइल जल्द से जल्द लोगों को वापस मिल सकें। जनता ने इस पहल की सराहना की और पुलिस के प्रयासों की तारीफ की है।

# गिरा मकान का छज्जा, 1 की मौत

**मलबे में दबे एक मजदूर की हालत गंभीर , अजय अस्पताल में एडमिट**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, भावनपुर थाना क्षेत्र के मानपुर गांव में गजेंद्र के मकान का छज्जा अचानक गिर गया है।। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। छज्जा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई है, वो अम्हेड़ा का रहने वाला बताया जा रहा है। मेरठ भावनपुर के मानपुर में गजेंद्र पुत्र लीलासिंह का मकान बन रहा है। इस मकान का काम ठेकेदार नरेश कर रहा है। मकान का छज्जा बंध रहा था। यहां काम के लिए दो लेबर लगे थे। अचानक मकान का छज्जा गिर पड़ा। मलबे में दोनों मजदूर दब गए। इसमें अम्हेड़ा किठौर के रहने वाले रोहित पुत्र यशपाल की मौत हो गई। रोहित 32 साल का अविवाहित युवक था। वहीं दूसरे युवक का नाम विवेक है। जो गंभीर घायल है, उसे घायल हालत में अजय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विवेक की शादी हो चुकी है। वहीं विवेक के मलबे में दबकर घायल होने की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया है। घायल को अजय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मौके पर सीओ सदर देहात शिवप्रताप भी पहुंचे हैं। मामले की जानकारी कर रहे हैं। जिस घर में हादसा हुआ उस घर के पीछे के हिस्से में उस वक्त महिलाएं थी। पड़ोसी अनिल ने बताया कि शेटरिंग वाले मजदूर लगे थे। हमने उनको मना किया था कि शेटरिंग मत खोलो, लेकिन मजदूर नहीं माने और शेटरिंग खोल दी तभी हादसा हो गया। एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिस घर में हादसा हुआ वहां महिला बोली कि हमने बहुत मना किया था कि शेटरिंग मत खोलो लेकिन वो नहीं माने और लेंटर खोल दिया। महिला ने बताया कि घर में नहीं है। मेरी बहू घर में खाना बना रही थी। ग्रामीण मनोहर सिंह ने पूरी घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मालिक ने मना किया था कि लेंटर मत खोलो। लेंटर कच्चा है।

लेकिन मजदूर नहीं माने। लेंटर खुलते ही वो गिर पड़ा। एक मजदूर नीचे था और एक ऊपर था। नीचे की तरफ से मजदूर रोहित मलबे में दब गया उसकी मौत हो गई है। जबकि दूसरा मजदूर जो ऊपर था वो घायल है। अस्पताल में भर्ती है।

# सिटी स्टेशन पर सिग्नल केबल चोरी

**छह घंटे बाधित रही मेरठ–दिल्ली और हापुड़ रूट की ट्रेनें, आसपास ट्रैक पर खड़ी रहीं**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, सिटी रेलवे स्टेशन यार्ड में चोरों ने सिग्नल का केबल काट दिया, जिससे मेरठ-दिल्ली और मेरठ-हापुड़ रेल मार्ग पर करीब छह घंटे तक ट्रेन संचालन प्रभावित रहा। इस कारण कई यात्री ट्रेनें सिटी स्टेशन और आसपास के ट्रैक पर खड़ी रहीं। रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने रातभर कार्य कर सिग्नल केबल बदलकर यातायात बहाल किया। यह चोरी मलियाना फाटक और सिटी स्टेशन के बीच गार्ड के कमरे के पास हुई, जहां चोरों ने सिग्नल केबल काट दिया। इससे मेरठ से दिल्ली और मुरादाबाद मंडल के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सिटी स्टेशन अधीक्षक सुनील जैन, एसएससी नरेंद्र कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह सहित पूरी टीम मौके पर पहुंची और इंजीनियरों ने जांच शुरू की। रेलवे अधीक्षक सुनील जैन ने बताया कि सिग्नल फेल होने के कारण कुछ ट्रेनों को मैनुअल सिग्नल देकर निकाला गया। लोको पायलटों को लिखित चालान देकर ट्रेनें पास की गईं। आरपीएफ इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह ने कहा कि सिग्नल ब्रेक की जांच करवाई जा रही है, रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई तय होगी।

# बंद मकान से दो लाख की चोरी

**कमरे का ताला और सेफ का लॉक टूटा मिला, दीपावली पर गांव गया था परिवार**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, एक बंद मकान से दो लाख रुपये नकद चोरी हो गए। यह घटना चौक कोतवाली क्षेत्र के हरिपुर कॉलोनी में हुई, जहां गल्ला व्यापारी सुनील कुमार किराए के मकान में रहते हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अल्हागंज क्षेत्र के निवासी सुनील कुमार की रोजा मंडी में आढ़त है। वह मंगलवार को अपने घर गए थे, जबकि उनकी पत्नी दीपावली के लिए मायके गई हुई थीं। उन्होंने अपने गल्ले के दो लाख रुपये नकद कागज में लपेटकर कमरे के अंदर एक सुरक्षित अलमारी में रखे थे। जब सुनील कुमार अपने किराए के मकान पर लौटे, तो उन्हें कमरे के दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाने पर उन्होंने देखा कि सेफ अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था और उसमें रखे दो लाख रुपये नकद गायब थे। पीड़ित सुनील कुमार के अनुसार, चोर रात में जीने के रास्ते से अंदर आए और कमरे व अलमारी का ताला तोड़कर नकदी चुरा ले गए। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी जेवर अपने साथ मायके ले गई थीं, जिससे जेवर चोरी होने से बच गए। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। चौक कोतवाली इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार ने बताया कि उन्हें चोरी की जानकारी मिली है और पीड़ित के अनुसार दो लाख रुपये की नकदी चोरी हुई है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलते ही एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# पुलिस और लुटेरों के बीच मुठभेड़

**2 गिरफ्तार, 1 के पैर में गोली लगी; अवैध तमंचा, बाइक बरामद**

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर, पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस दौरान पुलिस ने मोबाइल लूट गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। यह घटना बुदाना रोड पर हुई। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि दो बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में इलाके में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान शुरू किया। चेकिंग के दौरान बुदाना की ओर आने वाली सड़क पर मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा गया। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वे नहीं रुके और खाली मैदान की ओर भागने लगे। पीछा करते समय उनकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की खुद को घिरा देखकर बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर किया। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। पुलिस ने तुरंत उसे पकड़ लिया और उसके साथी को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाशों की हुई पहचान घायल बदमाश की पहचान साजिद पुत्र वाजिद, निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी लिसाड़ी गेट, मेरठ के रूप में हुई। पकड़े गए दूसरे बदमाश का नाम आमिर पुत्र रईस, निवासी गुर्जर चौक लिसाड़ी, लिसाड़ी गेट, मेरठ बताया गया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, लूट की घटना से संबंधित मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है।

# अंबेडकरनगर में महिला की हत्या:सुल्तानपुर में फेंका शव

## भतीजी बोली- 16 बिस्वा जमीन के लिए देवर ने मार डाला

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर में अम्बेडकर नगर की एक 65 वर्षीय महिला का शव बरामद हुआ है। महिला की गला रेतकर हत्या की गई थी। परिजनों ने 16 बिस्वा जमीन के विवाद में मृतका के देवर सहित अन्य पर हत्या का आरोप लगाया है।अम्बेडकर नगर के भीटी थानाक्षेत्र स्थित खमपुर मदारभारी गांव की निवासी रामरती देवी (65) पत्नी स्वर्गीय रामजियावन बीते 17 अक्टूबर की शाम करीब 5:30 बजे खेत गई थीं, जिसके बाद वह लापता हो गईं। उनके पति की मृत्यु 10 सितंबर को हुई थी। रामरती देवी के कोई संतान नहीं थी, इसलिए पड़ोस की एक महिला उनके भोजन-पानी की व्यवस्था करती थी।

### जब रामरती नहीं लौटीं,तो.....

पड़ोस की महिला ने उनकी बहन श्रीमती देवी को फोन पर सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे, जहां खेत में चूड़ी, माला, हंसिया और साड़ी पड़ी मिली। खेत से करीब एक किलोमीटर तक खून के निशान भी मिले, लेकिन रामरती का कोई पता नहीं चला। परिजनों ने 18 अक्टूबर को गुमशुदगी दर्ज कराई।21 अक्टूबर की रात सुल्तानपुर के जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत सराय नौरंग के पास न्यूतरिया मोड़ पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे पुल के नीचे से रामरती देवी का शव बरामद होने की सूचना परिजनों को मिली। शव के गले पर धारदार हथियार के निशान पाए गए। जयसिंहपुर पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया, जिसमें हत्या की पुष्टि हुई है।

### भतीजी बोली– जमीन अपने नाम लिखवाने का बना रहे थे दबाव

मृतका की भतीजी लक्ष्मी ने बताया कि उनके मौसा की मौत के बाद से ही उनके भाई राम दयाल, उनकी पत्नी आशा देवी, उनके दोनों बेटे बृज लाल और विनीत, मौसी पर 16 बिस्वा जमीन अपने नाम लिखवाने का दबाव बना रहे थे।

### भतीजी लक्ष्मी का आरोप है

मौसी के मना करने पर उन्होंने जीजू राम के साथ मिलकर उनकी हत्या कर दी। उन्होंने न्याय की मांग की है। लक्ष्मी ने यह भी बताया कि आरोपी देवर मृतक प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा था।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो अन्ना मवेशियों की मौत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहिया में आकाशीय बिजली गिरने के दो अन्ना मवेशियों की मौत ह्न ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे पशु चिकित्सक ने दोनों मवेशियों का किया पोस्टमार्टम करहिया निवासी ग्रामीण अजय ने बताया कि मंगलवार दोपाहर गरज चमक के साथ हुई बारिश से खण्डेह करहिया गावों के बीच बजरंगबली मंदिर के पास महुआ के पेड़ के नीचे पानी के बचाव में खड़े एक बैल व एक गाय के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई है ह्न चरवाहों की सूचना पर पशु पालक करहिया निवासी गजराज व शिवलाल खंगार भी पहुंच गए ह्न पशु चिकित्सक राजेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को पशुपालक गजराज की सूचना पर कि आकाशीय बिजली गिरने से गाय की मौत हो गई है ह्न जहां पहुंचकर उनका पोस्टमार्टम किया गया और मृत्यु का कारण आकाशीय बिजली से झुलसना बताया

# गरीबों संग दीप जलाकर फैलाया मानवीयता का उजाला..

## स्व.राजेन्द्र सिंह के लाल अखिलेश सिंह पर्वत रच रहे स्वर्णिम इतिहास..

● सैकड़ों बेसहारा अनाथ बच्चों के बीच पहुंचकर मनाया दीपावली का पर्व..

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर समाजसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए स्वर्गीय राजेन्द्र सिंह के सुपुत्र एवं युवा समाजसेवी अखिलेश सिंह ₹पर्वत₹ ने इस वर्ष भी दीपावली का पर्व गरीब और बेसहारा बच्चों के बीच मनाया ।उन्होंने जिले के सैकड़ों बच्चों के बीच दीप जलाए और मिठाइयां, कपड़े व खिलौने वितरित किए। बच्चों की मुस्कान और दीपों की रोशनी से पूरा माहौल आनंदमय और भावुक हो उठा। उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न हिस्सों में बिन मां-बाप के बच्चों, अनाथों,बुजुर्गों और दिव्यांग-जनों समेत सैकड़ों जरूरत-मंद परिवारों की मदद की गई। उनका इस वर्ष की दीपावली पर भी लक्ष्य रहा कि कम से कम 100 परिवारों में खुशी पहुंचाई जाए ताकि दीपावली का असली उजाला हर घर तक पहुंचे। आपको बताते चलें कि अखिलेश सिंह ₹पर्वत₹ अपने 33 वर्ष की आयु में अब तक 41 बार रक्तदान करके भी लोगों की जान बचाई है। उन्होंने कहा कि पिता स्व.राजेन्द्र सिंह के संस्कार और सेवा की भावना उनके लिए हमेशा प्रेरणा का स्त्रोत रहे हैं। राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह ने उनकी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में संवेदना,करुणा और एकता का संदेश देते हैं।

# मोरपंख के गढ़े को लेकर मोन वृत करके बड़े धूम-धाम से दिवारी नृत्य किया

अमन लेखनी समाचार



मौदहा, हमीरपुर। बुन्देखण्ड में त्योहारों को परम्परा ढंग से मनाया जाता है दीपावली में सिर्फ ,दिया जलाकर नही मनाया जाता बल्कि इस क्षेत्र में दीपावली के दूसरे दिन भगवान श्रीकृष्ण के गोवर्धन पर्वत उठाने पर शौर्य और विजय के रूप में मनाते हैं जिसमे मोर पंख के गट्ठे के लेकर मौनियों के साथ बड़ी धूम धाम से दिवारी नृत्य ढोल-नगाड़ों की थाप व लाठियों के साथ किया गया है छिमौली निवासी राजा यादव ने बताया की यह नृत्य युद्ध कला को प्रदर्शित करता है यह नृत्य शौर्य, साहस और एकता का प्रतीक है जहां पर ग्रामीण अंचलों में अक्सर टोलियों में घर-घर जाकर प्रदर्शन किया जाता है। दिवारी नृत्य मुख्य रूप से अहीर, ग्वाले,तथा अन्य जातियों के लोग सब मिलजुल कर मनाते हैं, जिसमें बच्चे-बुजुर्ग भी भाग लेते हैं। और कलाकार हाथों में लाठियाँ पैरों में घुंघरू और कमर में मोर पंख पहन कर अद्भुत करतब दिखाते हैं, जो युद्ध या मार्शल आर्ट जैसा लगता है। लाठियों को हवा में घुमाना और एक-दूसरे पर वार-पलटवार करना इसकी खास शैली है। यह नृत्य भगवान श्री कृष्ण के प्रति भक्ति, गौरव, शौर्य और आत्मरक्षा का प्रतीक है। जो स्थानीय लोग मान्यता के अनुसार यह नृत्य गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में मनाते है कुछ विशेष परंपराओं में नृत्य करने वालों को मौन व्रत भी रखना पड़ता है खासकर मौनिया नृत्य अपनी अनूठी परंपरा के कारण पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है। बारिश में भी घूमते रहे मौनिए ह्न वही ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को भी टिकरी फत्तेपुरवा क्योटरा गाँवो मौनियो ने गौ पूजन कर भृमण किया

# पोल से टकराकर नाले में गिरी बाइक, मौत, इकलौता बेटा था युवक



● रातभर नाले में पड़ा रहा शव, सुबह राहगीरों ने देखा

अमन लेखनी समाचार

अमेठी के मुसाफिरखाना-गौरीगंज मार्ग पर सेवई तिराहे के पास एक सड़क हादसे में 21 वर्षीय शिवम पुत्र पुत्तन लाल की मौत हो गई। शिवम गांव सेवई का रहने वाला था। यह घटना रात के समय हुई जब उसकी बाइक बिजली के पोल से टकराकर नाले में जा गिरी ।जानकारी के अनुसार, शिवम रात में बाइक से कहीं जा रहा था। सेवई तिराहे के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक नाले में गिर गई, जिससे शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई सुबह राहगीरों ने युवक को सड़क किनारे मृत अवस्था में देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है ।पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगा रही है। हादसे की सूचना मिलने पर मृतक के परिवार में शोक का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि शिवम अपने परिवार का इकलौता बेटा था। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है

# महिला ने अपने न्याय विभाग में कार्यरत लिपिक पति समेत ससुराली जनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकद्मा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर- नगर की एक महिला ने अपने न्याय विभाग में कार्यरत लिपिक पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है पुलिस ने मामला दर्ज होने के बाद घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है ।नगर के मराठी पुरा निवासी जया त्रिपाठी पुत्री सतीश चंद्र दीक्षित ने कोतवाली मौदहा में तहरीर दी है कि उसके पिता ने सन 2023 में थाना क्षेत्र सुमेरपुर के टेढ़ा निवासी कन्हैया पुत्र उपेंद्र त्रिपाठी के साथ उसका विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार कर अपनी हैसियत अनुसार दान दहेज देकर उसे ससुराल विदा किया था बताते चलें कि जया का पति कन्हैया बलरामपुर में मुंशिफ मजिस्ट्रेट के न्यायालय में लिपिक पद पर तैनात है। शादी के बाद कुछ दिन तो सब ठीक चला लेकिन बाद उसका पति कन्हैया, ससुर उपेंद्र व अनीता सास तथा अन्य ससुरालीजन जया को प्रताड़ित कर उसे 20 लाख रुपए अपने मायके से लाने का दबाव बनाने लगे जब उसके ससुरालीजनों ने अपनी मांग पूरी होते ना देखी तो उन्होंने जया के साथ अभद्रता करते हुए उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पति कन्हैया, ससुर उपेंद्र त्रिपाठी व अनीता सास समेत आधा दर्जन ससुरारीजनों के खिलाफ धारा 85, 115(2), 352, 351 (3 )बीएनएस व 3/4 के तहत मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है

# बारिश से किसान मायूश तिल धान की फसलों में नुकसान

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। मंगलवार को मौसम ने अचानक पलटी मारी सुबह से गरज चमक के साथ शुरू हुई बूंदाबांदी दोपहर होते ही तेज बारिश में तब्दील हो गई। कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तेज गर्जना के साथ हुई बरसात में किसान मायूश नजर आया। बारिश से खेतों में कटी पड़ी तिल एवं धान की फसल में नुकसान होने की आशंका है। शाम को मौसम में फिर बदलाव दिखा और जोरदार धुंध छा जाने से कोहरे जैसा माहौल हो गया। बुधवार को पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे। मंगलवार की बारिश ने 50 वर्ष पूर्व की यादें ताजा कर दी है। मंगलवार को सुबह से मौसम में बदलाव नजर आया। गरज चमक के साथ शुरू हुई बूंदाबांदी दोपहर होते ही तेज बारिश में तब्दील हो गए। इससे किसान मायूश हो गया। किसान उदयभान यादव, मानसिंह भदौरिया, सुरेश कुमार, धीरेंद्र कुमार, राजू यादव आदि ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह हो रही बारिश से रबि की फसलों की बुवाई पर पिछड़ रही है उन्होंने बताया कि 50 वर्ष पूर्व भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला था उस समय मौनियों ने छतरी लगाकर मौन चराई थी और इस वर्ष भी मौसम खराब होने से मौनियों ने छतरी लगाकर मौन चराने को मजबूर हूए।

# सरकार की नमामि गंगे परियोजना धड़ाम, नहीं निकल रहा नलों से पानी

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर -घर घर नल पहुंचने की योजना सरकारी कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है जबकि ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे वही ग्राम प्रधान सहित आगामी पंचायत चुनाव के प्रत्याशी ग्रामीणों को टैंकरों के माध्यम से पानी सप्लाई कर दिलों को जीतने का काम कर रहे हैं।

बताते चले मौदहा विकासखंड के 3 किलोमीटर दूर मदारपुर वासिदें बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे जबकि दीपावली त्यौहार को देखते हुए सरकार के कड़े निदेर्शों के बावजूद नमामि गंगे कर्मचारी के कान में जून तक नहीं रेंग रहा। ग्रामीण किफायत, कलीम, आसिफ, रज्जू, बुद्धू आदि ने बताया की सरकार की नमामि गंगे योजना से गांव में पानी की सप्लाई की जाती है दस दिन पूर्व गांव के ट्यूबवेल की मोटर खराब हो जाने पर कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन अभी तक मोटर खोलकर बाहर नहीं निकाला जा सका जबकि दीपावली त्यौहार को देखते हुए साफ सफाई पानी की बेहद आवश्यकता है जबकि सरकार संचारी अभियान दस्तक अभियान के माध्यम से आम जनमानस को स्वास्थ्य की चिंता करते हुए जागरूकता अभियान एवं दावों का वितरण लगातार किया जा रहा है लेकिन पीने के लिए ग्रामीणों को बूंद बूंद पानी नसीब नहीं हो रहा है जिससे आम जनमानस में आक्रोश पनप रहा है। और उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम प्रधान, मदारी आदि समाजसेवी आगामी पंचायत के प्रत्याशी ग्रामीणों का गलत तर करने के लिए टैंकर से पानी भरकर दरवाजे दरवाजे खड़ा कर के पानी पहुंचा रहे हैं

# अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

## सुसाइड नोट में बेटे-बहू पर प्रताड़ना का आरोप,

अमन लेखनी समाचार



अमेठी में बेटे और बहू की प्रताड़ना से तंग आकर एक अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की जेब से मिले सुसाइड नोट में उसने अपने बेटे और बहू पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है ।यह घटना गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के गौरीगंज रेलवे स्टेशन के पास देर रात हुई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जीआरपी को सूचित किया। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया ।पीआरवी टीम ने मौके पर पहुंचकर मृतक की पहचान की। उसकी जेब से मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान गौरीगंज थाना क्षेत्र के असुर गांव निवासी 50 वर्षीय लालजी सिंह पुत्र दलपति सिंह के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसकी जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ ।सुसाइड नोट में लालजी सिंह ने लिखा है कि वह अपने पुत्र शुभम सिंह, बहू गोल्डी सिंह और अनुभव के मामा रामसिंह सकरांवा से बहुत तंग आ गया था, जिन्होंने उसे आत्महत्या करने पर मजबूर किया। उसने इन सभी को कड़ी सजा देने की मांग की है। जीआरपी उप निरीक्षक फरीद खान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए प्रतापगढ़ भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# गीता सिंह ने गरीबों संग दीप जलाकर फैलाया मानवीयता का उजाला

## सैकड़ों बेसहारा अनाथ बच्चों के बीच पहुंचकर मनाया दीपावली का पर्व

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर समाजसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते कांग्रेस की महासिचव गीता सिंह वार्ड नंबर 22 से भावी जिलापंचायत सदस्य प्रत्याशी ने इस वर्ष भी दीपावली का पर्व गरीब और बेसहारा बच्चों के बीच मनाया ।उन्होंने जिले के सैकड़ों बच्चों के बीच दीप जलाए और मिठाइयां, कपड़े व खिलौने वितरित किए। बच्चों की मुस्कान और दीपों की रोशनी से पूरा माहौल आनंदमय और भावुक हो उठा। उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न हिस्सों में बिन मां-बाप के बच्चों, अनाथों,बुजुर्गों और दिव्यांग-जनों समेत सैकड़ों जरूरत-मंद परिवारों की मदद की गई ।उनका इस वर्ष की दीपावली पर भी लक्ष्य रहा कि कम से कम 100 परिवारों में खुशी पहुंचाई जाए ताकि दीपावली का असली उजाला हर घर तक पहुंचे गीता सिंह ने कहा कि ससुर जी के संस्कार और सेवा की भावना उनके लिए हमेशा प्रेरणा का स्त्रोत रहे हैं। उनकी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में संवेदना,करुणा और एकता का संदेश देते हैं।

# हाइवे में भीषण सड़क हादसा , कार बाइक की टक्कर में मामा भांजे की मौत, एक घायल

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। बुधवार को सुबह 11:00 बजे नेशनल हाईवे में कार एवं बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में बाइक सवार मामा भांजे की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सदर अस्पताल से इनको कानपुर रेफर किया गया है।

बुधवार को सुबह करीब 11:00 बजे बांदा जनपद के कमासिन थानाक्षेत्र के ग्राम कुलेहडा निवासी मांझा 35 वर्ष अपने भांजे दीपक 30 वर्ष मरका बांदा तथा विकास 20 वर्ष जसपुरा के साथ बाइक से हमीरपुर उपचार कराने आ रहे थे। चदौंखी मोड़ के पास बाइक की हमीरपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार से आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। इस घटना में मांझा और विकास की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि विकास का मौसेरे भाई दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को सदर अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल में मांझा एवं विकास को मृत घोषित कर दिया गया। हालत नाजुक होने पर दीपक को कानपुर रेफर किया गया है। दीपक के भाई राजू ने बताया कि दोनों मौसेरे भाई मामा को उपचार कराने हमीरपुर जा रहे थे। तभी हादसे का शिकार हो गए। कार सवार कार मौके पर छोड़कर फरार हो गए हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है बताते हैं कि पहले कार सवारों को सुमेरपुर पुलिस की गिरफ्त में बताया जा रहा था लेकिन थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने उनकी गिरफ्तार से इंनकार किया है।

# मार्ग दुर्घटना में भाई-बहन सहित चार घायल

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। दो अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में भाई-बहन सहित चार लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। मौहर निवासी दीपक 19 वर्ष अपनी बहन पूनम 25 वर्ष को लेकर बाइक से इंगोहटा गांव जा रहा था। बिरखेरा के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई। इस घटना में दोनों भाई बहन घायल हो गए। इसी तरह हाईवे में फैक्ट्री एरिया में इटरा आश्रम से दर्शन करके बाइक से कस्बे में लौट रहे बाइक सवारों को बोलेरो ने पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार मथुरा 75 वर्ष, गोविंद घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दीपक, पूनम, मथुरा को हमीरपुर रेफर किया गया है।

# जूते के गोदाम में आग लगने से लगभग 10 लाख का सामान जला

## फायर ब्रिगेड ने बड़ी मश्कत के बाद आग पर काबू पाया

अमन लेखनी समाचार



अमेठी में दिवाली की रात एक जूते के गोदाम में आग लग गई। इस घटना में करीब 10 लाख रुपये से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है ।यह घटना अमेठी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित आर्य समाज स्कूल के पास हुई जहा गुड़मंडी के रहने वाले राजेंद्र गुप्ता के मकान में संग्रामपुर थाना क्षेत्र बेलखरी के राजेश शुक्ला जूते-चप्पलों का गोदाम संचालित करते थे। बीती रात करीब 1 बजे गोदाम में अचानक आग लग गई ।दीपावली का त्योहार होने के कारण शुरूआत में लोगों को आग लगने की जानकारी नहीं हो पाई। हालांकि, कुछ देर बाद जब दुकान से आग की लपटें निकलने लगीं, तो आसपास के लोगों ने मकान मालिक राजेंद्र गुप्ता को सूचित किया। राजेंद्र गुप्ता ने तुरंत पुलिस और किरायेदार राजेश शुक्ला को घटना की जानकारी देने के साथ पुलिस को सूचना दी गई ।सूचना मिलते ही अमेठी कोतवाली पुलिस फायर ब्रिगेड की टीम के साथ मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर नियंत्रण पा लिया। सुरक्षा कारणों से इस दौरान बिजली आपूर्ति भी बंद कर दी गई थी। आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच जारी है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

लाइफStyle



# बच्चों के साथ करीना-सैफ ने खास तरह से मनाई दिवाली

**मुंबई।** आम लोगों की तरह कई बॉलीवुड सेलेब्स ने खूब धूमधाम से दिवाली का त्योहार मनाया है। किसी ने बेहतरीन आउटफिट में अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं तो किसी ने लोगों को शुभकामनाएं दीं। ऐसे में करीना कपूर ने अपने बच्चों के साथ खास तरह से दिवाली मनाई है। करीना अपने बच्चों और सैफ अली खान के साथ एक किड्स क्लब में पहुंचीं और सादगी से उत्सव मनाया। करीना कपूर ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर कर अपने फैंस को चौंका दिया। एक तस्वीर में करीना कपूर बिना मेकअप के नजर आ रही हैं। एक- दूसरी तस्वीर में सैफ रैक से कुछ उठा रहे हैं।

# अनीत

## शक्ति शालिनी में अदा करेंगी लीड रोल



यशराज फिल्म्स की 'सैयारा' में अनीत पड्डा ने लीड रोल अदा किया। इस फिल्म ने उनके कॅरियर को बुलंदी पर पहुंचा दिया है। अब उनकी एंट्री मैडॉक फिल्म्स के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स में हो गई है। दरअसल, मैडॉक की 'थामा' थिएटर्स में रिलीज हो गई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म के आखिर में मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अगली फिल्म 'शक्ति शालिनी' का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया गया। फिल्म में अनीत पड्डा लीड रोल अदा करेंगी। मैडॉक फिल्म्स ने 'थामा' की स्क्रीनिंग के दौरान 'शक्ति शालिनी' का आधिकारिक अनाउंसमेंट वीडियो शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट बताई है। साथ ही साफ कर दिया कि फिल्म में सैयारा फेम अनीत पड्डा लीड रोल करेंगी। पहली फिल्म में कियारा आडवाणी यह रोल अदा करने वाली थीं। मगर, अब अनीत की झोली में यह किरदार आ गिरा है। फिल्म 'शक्ति शालिनी' अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अनाउंसमेंट वीडियो में दी गई जानकारी के मुताबिक यह फिल्म 24 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी। साझा किए गए वीडियो में 'या देवी सर्वभूतेषु' मंत्र सुनाई दे रहा है। इसके साथ स्क्रीन पर लिखा है, 'रक्षक, विध्वंसक, सभी की मां। आगे लिखा है, 'शक्ति शालिनी' में अनीत पड्डा। 'शक्ति शालिनी' में अनीत पड्डा की एंट्री पर उनके फैंस काफी खुश हैं। नेटिजन्स अनीत को बधाई दे रहे हैं। साथ ही लिख रहे हैं, 'उम्मीद है कि यह फिल्म शानदार साबित होगी'। बात करें फिल्म 'थामा' की तो इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।

हॉलीवुड मसाला



# प्रियंका-निक ने की लक्ष्मी पूजा

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने विदेश में परिवार और दोस्तों के बीच दिवाली का त्योहार सेलिब्रेट किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय परंपराओं का ध्यान रखा। अभिनेत्री ने बिटिया मालती मैरी के साथ बाकायदा घर की सजावट की। फिर परिवार के साथ लक्ष्मी पूजन किया। इसके बाद दोस्तों और परिवार के साथ दिवाली का जश्न मनाया। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने दिवाली बैश की झलकियां साझा की हैं। प्रियंका चोपड़ा मालती, निक जोनस के साथ लक्ष्मी पूजन कर रही हैं।



# प्रतिभा के धनी थे डोल्डिंगर दास बूट से मिली सफलता

**लॉस एंजिल्स।** वुल्फगैंग पीटरसन की 'दास बूट' और क्लासिक फिल्म 'द नेवरएंडिंग स्टोरी' के प्रतिष्ठित साउंडट्रैक को तैयार करने के लिए जाने जाने वाले महान जर्मन सैक्सोफोनिस्ट और संगीतकार क्लॉस डोल्डिंगर का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। डोल्डिंगर को फिल्मों में सफलता पीटरसन की सबमरीन ड्रामा फिल्म 'दास बूट' से मिली, जो 1981 में रिलीज हुई थी। उनके विरल, इलेक्ट्रॉनिक-रंग वाले साउंडट्रैक ने उन्हें काफी पहचान दिलाई। सिर्फ तार, पीतल और ताल वाद्यों वाले एक न्यूनतम ऑर्केस्ट्रा समूह की पृष्ठभूमि में, संगीतकार ने शुरुआती सिंथेसाइजर का इस्तेमाल करके एक ऐसा ध्वनि परिदृश्य तैयार किया। जो सोनार स्पंदनों, इंजन ड्रोन और द्वितीय विश्व युद्ध के यू-बोट के अंदर के धातुमय वातावरण को दर्शाता है। 12 मई, 1936 को बर्लिन में जन्मे क्लॉस डोल्डिंगर ने पियानो और क्लैरिनेट की शिक्षा ली थी।



# बॉयफ्रेंड राज के साथ शेयर कीं तस्वीरें

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु लाखों दिलों पर राज करती आ रही हैं। हाल ही में दिवाली के अवसर पर सामांथा ने अपनी कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किए। सामंथा की इस पोस्ट ने इंटरनेट पर धूम मचा दी। अभिनेत्री ने दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कई तस्वीरें शेयर कीं, लेकिन सबका ध्यान खींचा उनके कथित प्रेमी राज निदिमोरु के साथ उनकी तस्वीर ने। सामंथा रुथ प्रभु ने इस दिवाली पर इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं। लेकिन उनमें से एक तस्वीर अपने कथित प्रेमी राज निदिमोरु के साथ शेयर की है। जिससे यह साफ हो जाता है कि सामंथा ने दिवाली राज के साथ भी मनाई। सामंथा ने पोस्ट में लिखा, 'कृतज्ञता से भरी हुई।' सामंथा और राज निदिमोरु के रिश्ते की खबरें अक्सर चर्चा में रहती हैं, लेकिन दोनों ने इस बारे में कुछ नहीं कहा।



# अंग्रेजों के दौर की लाएंगे कहानी

**मुंबई।** प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'द राजा साब' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच प्रभास अपनी एक और नई फिल्म को लेकर चर्चा में आ गए हैं। बुधवार को, टीम ने टाइटल का एक टीजर पोस्टर जारी किया। माना जा रहा है कि इसका टाइटल 'फौजी' होगा। हालांकि, नए पोस्टर में प्रभास का पूरा लुक नहीं दिखाया गया है। इसमें ग्रेट ब्रिटेन का झंडा देखा जा सकता है। पोस्टर के कैप्शन में लिखा है '1932 से मोस्ट वांटेड।' ऐसे में माना जा रहा है कि यह फिल्म ब्रिटिश शासन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा होगी। इसमें प्रभास संभवतः एक स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका निभा सकते हैं। इससे पहले एक पोस्टर जारी किया गया था जिसमें बंदूकों का ढेर लगा था। इसके ऊपर एक शख्स की परछाई थी। इसमें दिवाली की शुभकानाएं भी दी गई थीं।

टीवी मसाला



# केबीसी में पहुंचीं ठेला लगाने वाले की बेटी

**नई दिल्ली।** शो केबीसी 17 में कई प्रतियोगी आते हैं, जो अपने संघर्ष की कहानी अमिताभ बच्चन को सुनाते हैं। हालिया साझा किए गए एक प्रोमो में बिहार से संबंध रखने वाली प्रियंका कुमारी 'केबीसी 17' की हॉट सीट पर बैठीं। प्रियंका ने चाट का ठेला लगाने वाले अपने पिता के स्ट्रगल को अमिताभ बच्चन को बताया। जिसे सुनकर अमिताभ ने प्रतियोगी के पिता की सराहना की। केबीसी 17 के प्रोमो में प्रियंका कुमारी अमिताभ बच्चन से कहती हैं, 'मैं एक स्टूडेंट हूं, सिविल सेवा की तैयारी करती हूं। मैं चाहती थी कि कुछ भी हो अपना खर्चा खुद उठा सकूं। पापा के ऊपर बोझ न बनूं।' वह आगे कहती हैं, 'मैं ट्यूशन देती हूं जिससे कुछ कमाई हो सके, जिसमें मैं पापा को सपोर्ट कर सकूं।' ऑडियंस के बीच बैठे अपने पिता की तरफ इशारा करते हुए प्रियंका ने आगे कहा, 'आज मेरे साथ जो आए हैं, वो मेरे जीवन के असली हीरो हैं। मेरे पापा। वह चाट का ठेला लगाते हैं। बाकी सभी को छुट्टी मिलती है, रविवार को छुट्टी मिलती है, त्योहारों पर मिलती है, लेकिन मेरे पापा कभी छुट्टी नहीं लेते हैं। धूप हो, बारिश हो, कोई भी मौसम हो, कुछ भी हो वो हमेशा काम पर जाते हैं। और उनकी मेहनत और उनका सपोर्ट आज मुझे यहां तक लेकर आया है।' अमिताभ बच्चन ने प्रियंका कुमारी के पिता को देखकर कहा, 'बेटी के बारे में आप इतना सोच रहे हैं, ये बहुत ही गर्व की बात है।' आगे प्रियंका कुमारी के पिता ने बताया कि लोग कहते हैं कि बेटी को क्यों पढ़ा रहे हो लेकिन वह ऐसा नहीं सोचते हैं। वह कहते हैं, 'देखिए, बेटी की वजह से ही मैं आज आप जैसी महान हस्ती को साक्षात देख पा रहा हूं।'

## फरहाना के साथ तू-तड़ाक पर उतरीं मालती

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के नए प्रोमो में मालती चाहर और फरहाना भट्ट किसी बात पर लड़ती दिख रही हैं। मालती ने फरहाना से कहा, हम लोग तुम्हारे ऊपर मजाक बनाते हैं कि तुम्हें कोई भी आसानी से प्रयोग कर लेता है। इसके जवाब में फरहाना कहती हैं, कौन करता है ऐसा नाम बोलो। फिर मालती ने कहा, इतने देर में तुम्हें पता नहीं चला, मुझे नाम याद नहीं रहता यहां पर कि कौन क्या बोल रहा है। इसपर फरहाना ने कहा, यही तुम्हारी दिक्कत है कि तुम्हें कोई चीज याद नहीं रहती फिर तुम अपनी कहानियां बनाती हो। इसके बाद मालती फरहाना को कई उदाहरण देते हुए कहती हैं उन्हें कोई कुछ भी बोलता है, तो वो सीधे मान लेती हैं। शो का एक और प्रोमो सामने आया है, जिसमें नेहल चुडासमा को बसीर अली के पैर पर सिर रखकर लेटा हुआ देखा जा सकता है। यह देख कुनिका ने कहा, 'इस पल को एंजाय करो दोस्तों और आगे का सोचो।



# अक्षय-ट्विंकल ने रोमांटिक अंदाज में मनाई दिवाली, कृति ने घर पर दी पार्टी





**नई दिल्ली।** दिवाली 2025 को बॉलीवुड के सितारों ने धूमधाम से सेलिब्रेट किया। किसी ने अपने प्रशंसकों से मुलाकात की, तो किसी ने परिवार संग तस्वीरें साझा कर इस त्योहार की झलक भी दिखाई है। इस कड़ी में शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, सोनम कपूर से लेकर कई सेलेब्स शामिल हैं।

*अक्षय-ट्विंकल ने मनाई दिवाली :* अक्षय कुमार ने अपनी पत्नी ट्विंकल खन्ना के साथ दिवाली मनाई है। ट्विंकल खन्ना ने अक्षय कुमार के साथ अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह अक्षय कुमार को कुछ खिला रही हैं। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है 'लंदन में दिवाली। सब सज-धज कर तैयार हैं, लेकिन मिठाई नजर नहीं आ रही। अब असली मिठाई के साथ मंदिर जाएंगे। सभी को दिवाली की शुभकामनाएं। आपकी दुनिया रोशनी, प्यार और हंसी से भर जाए।

*कार्तिक आर्यन :* कार्तिक आर्यन ने खास अंदाज में दिवाली मनाते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह एक पिल्ले को चूम रहे हैं। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा 'हर दिवाली को एक छोटे से आर्यन की जरूरत होती है! अब तक का सबसे अच्छा दिवाली उपहार।

*कृति सेनन :* कृति सेनन ने अपने करीबी लोगों के साथ दिवाली मनाई है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है 'प्यार, रोशनी, हंसी, लोगों से घिरे रहना, सुबह तक पंजाबी संगीत पर नाचना बहुत पसंद है! क्या यह साल का सबसे अच्छा समय नहीं है?'

*रश्मिका मंदाना :* दिवाली के मौके पर अपनी तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए रश्मिका मंदाना ने लिखा है 'दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं। आप सभी को हमेशा प्यार और रोशनी भेजती हूं।'

*शाहरुख ने साझा की दिवाली की तस्वीर :* बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने एक्स अकाउंट पर एक तस्वीर साझा कर दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने लिखा, सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं। मां लक्ष्मी जी आप सभी को समृद्धि और खुशियां प्रदान करें। सभी के लिए प्रेम, प्रकाश और शांति की कामना करता हूं।

# दीपिका ने बेटी दुआ का पहली बार दिखाया चेहरा



**मुंबई।** इन दिनों पूरा देश दिवाली के उत्सव में डूबा है। कई बॉलीवुड सेलेब्स ने भी अपने-अपने हिसाब से दिवाली मनाई है। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने भी खास अंदाज में दिवाली मनाई है। दोनों ने एथनिक ड्रेस में अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। साथ ही अपनी बेटी 'दुआ पादुकोण सिंह' का चेहरा दिखाया है। दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ पादुकोण के साथ इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह अपनी बेटी को गोद में लिए हुए हैं। दुआ और दीपिका को रणवीर सिंह ने संभाला है। तीनों खुश लग रहे हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए दीपिका ने कैप्शन में लिखा है 'दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।' इस पोस्ट को कई यूजर्स लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट कर रहे हैं। दीपिका पादुकोण की तस्वीरों को कई सेलेब्स ने लाइक किया है और इस पर कमेंट किए हैं।

## 1970 के दशक से लेकर अभी तक हर किरदार में दर्शकों का किया मनोरंजन

# कॉमेडी के सरताज असरानी ने की इन फिल्मों में कमाल की अदाकारी

**शोले :** रमेश शिप्पी के निर्देशन में साल 1975 में 'शोले फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में असरानी ने जेलर की भूमिका निभाई थी। फिल्म में उनके संवाद 'हम अंग्रेजों के जमाने के जेलर हैं' अमर हो गया है। इस डायलॉग को आज की पीढ़ी भी धड़ल्ले से उपयोग करती है। दिवंगत अभिनेता ने इसे हिंदी सिनेमा के सबसे यादगार किरदारों में से एक बना दिया। फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, हेमा मालिनी मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

**चुपके चुपके :** ऋषिकेश मुखर्जी द्वारा निर्देशित फिल्म 'चुपके चुपके' में असरानी ने प्रशांत कुमार श्रीवास्तव की भूमिका अदा की थी। अभिनेता ने एक मजाकिया और चतुर आदमी का रोल किया था। उनके संवाद और कॉमेडी टाइमिंग ने दर्शकों को आकर्षित किया था।

**नमक हराम :** अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना और रेखा अभिनीत 'नमक हराम' फिल्म का निर्देशन ऋषिकेश मुखर्जी ने किया था। इस फिल्म में असरानी ने धोंधू की भूमिका निभाई थी। 1973 में रिलीज हुई इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म में असरानी के किरदार ने सभी का ध्यान खींच लिया था।

**भूल भुलैया :** प्रियदर्शन के निर्देशन में साल 2007 में 'भूल भुलैया' फिल्म रिलीज हुई थी। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में असरानी ने कर्मचारी मुरारी का किरदार निभाया था। अभिनेता ने इस मनोवैज्ञानिक कॉमेडी में अपनी कॉमेडी टाइमिंग से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था।



*नई दिल्ली। असरानी, हिंदी सिनेमा का वो नाम थे, जिन्होंने अपनी हास्य प्रतिभा से हर पीढ़ी को गुदगुदाया। 1970 के दशक से लेकर अभी तक असरानी ने हर किरदार में दर्शकों का शानदार मनोरंजन किया। चाहे 'शोले' में जेलर की भूमिका हो या 'दे दना दन' में सुपारी किलर मामू की भूमिका हो। सभी किरदारों को उन्होंने मन से जिया। अब अभिनेता तो इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके रोल अमर हो गए हैं।*

**धमाल :** *साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म 'धमाल' में असरानी ने नारी कॉन्ट्रैक्टर की भूमिका निभाई थी। इस कॉमेडी फिल्म में उन्होंने दर्शकों को खूब हंसाया था। फिल्म में संजय दत्त, अरशद वारसी, जावेद जाफरी जैसे कलाकार मौजूद थे। इस फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया था।*

**हेरा फेरी :** *प्रियदर्शन के निर्देशन में साल 2000 में 'हेरा फेरी' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में असरानी ने बैंक मैनेजर की भूमिका निभाई थी। फिल्म में असरानी की अनुभवी कॉमिक टाइमिंग का फायदा मिला, उनकी सहायक भूमिका ने दर्शकों को हंसाया और कई यादगार क्षण बॉलीवुड के इतिहास में दर्ज हो गए।*

**खट्टा मीठा :** *साल 2010 में रिलीज हुई 'खट्टा मीठा' में असरानी ने करोड़ीमल की भूमिका निभाई थी। फिल्म में अक्षय कुमार, तृषा कृष्णन और राजपाल यादव जैसे कलाकार मौजूद थे।*

**दे दना दन :** *प्रियदर्शन के निर्देशन में साल 2009 में 'दे दना दन' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में असरानी ने सुपारी किलर मामू की भूमिका निभाई थी। फिल्म में असरानी के रोल को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था।*